व्यवहार - भानु

ओ३म् ॥

व्यवहारभानुः ॥

श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिना निर्मितः ॥

पठनपाठनव्यवस्थायां तृतीयं

पुस्तकम् ॥

अजमेर नगरे

वैदिकयन्त्रालये

मुद्रितम्

संवत् १९५७

पञ्चमावृत्ति — मूल्य ≡)

२००० — डा० व्य०)॥

भूमिका ।

मैंने इस संसार में परीक्षा करके निश्चय किया है कि जो मनुष्य धर्मयुक्त व्यवहार में ठीक २ वर्तता है उस को सर्वत्र सुखलाभ और जो विपरीत वर्तता है वह सदा दुःखी हो कर अपनी हानि कर लेता है। देखिये जब कोई सभ्य मनुष्य विद्वानों की सभा में वा किसी के पास जा कर अपनी योग्यता के अनुसार नम्रतापूर्वक नमस्ते आदि करके बैठ के दूसरे की बात ध्यान दे सुन, उस का सिद्धान्त जान निरभिमानी होकर युक्त प्रत्युत्तर करता है। तब सज्जन लोग प्रसन्न हो के उस का सत्कार और अंड बंड बकता है उस का तिरस्कार करते हैं। जब मनुष्य धार्म्मिक होता है तब उस का विश्वास और मान्य शत्रु भी करते हैं और जब अधर्मी होता है तब उसका विश्वास और मान्य मित्र भी नहीं करते इस से जो थोड़ी विद्या वा लोभी मनुष्य श्रेष्ठ शिक्षा पाकर सुशील होता है उसका कोई भी कार्य नहीं बिगड़ता इसलिये मैं मनुष्यों को उत्तम शिक्षा के अर्थ सब वेदादि शास्त्र और सत्याचारी विद्वानों की रीतियुक्त इस व्यवहारभानु ग्रन्थ को बनाकर प्रसिद्ध करता हूं कि जिस को देख दिखा पढ़ पढ़ा कर मनुष्य अपने और अपने २ सन्तान तथा विद्यार्थियों का आचार अत्युत्तम करें कि जिस से आप और वे सब दिन सुखी रहें। इस ग्रन्थ में कहीं २ प्रमाण के लिये संस्कृत और सुगम भाषा लिखी और अनेक उपयुक्त दृष्टान्त दे कर सुधार का अभिप्राय प्रकाशित किया है कि जिस को सब कोई सुख से समझ के अपना २ स्वभाव सुधार के सब उत्तम व्यवहारों को सिद्ध किया करें ॥

सं० १९३६
फाल्गुन शुक्ला १५

दयानन्द सरस्वती
काशी

ओ३म्

व्यवहारभानुः॥

ऐसा किस मनुष्य का आत्मा होगा कि जो सुखों को सिद्ध करने वाले व्यवहारों को छोड़ कर उलटे आचरण करने में प्रसन्न होगा। क्या यथायोग्य व्यवहार किये विना किसी को सर्व सुख हो सकता है! क्या मनुष्य अच्छी शिक्षा से धर्म्म अर्थ काम और मोक्ष फलों को सिद्ध नहीं कर सकता! और इसके बिना पशु के समान हो कर दुःखी नहीं रहता है जिसलिये सब मनुष्यों को सुशिक्षा से युक्त होना अवश्य है इसलिये यह बालक से ले के वृद्धपर्य्यंत मनुष्यों के सुधार के अर्थ व्यवहारसम्बन्धी शिक्षा का विधान किया जाता है॥

(प्रश्न) कैसे पुरुष पढ़ाने और शिक्षा करने हारे होने चाहिये?

(उत्तर) पढ़ानेवालों के लक्षण।

आत्मज्ञानं समारम्भस्तितिक्षा धर्म्मनित्यता।
यमर्था नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते॥ १॥

जिस को परमात्मा और जीवात्मा का यथार्थज्ञान, जो आलस्य को छोड़ कर सदा उद्योगी सुखदुःखादि का सहन, धर्म्म का नित्य सेवन करने वाला हो, जिसको कोई पदार्थ धर्म से छुड़ा अधर्म की ओर न खींच सके वह पण्डित कहाता है॥ १॥

निषेवते प्रशस्तानि निन्दितानि न सेवते।
अनास्तिकः श्रद्धधान एतत् पण्डितलक्षणम्॥ २॥

जो सदा प्रशस्त धर्मयुक्त कर्म्मों को करने और निन्दित अधर्मयुक्त कर्म्मों को कभी न सेवने हारा न कदापि ईश्वर वेद और धर्म का विरोधी और परमात्मा सत्यविद्या और धर्म में दृढ़विश्वासी है वही मनुष्य पण्डित के लक्षणयुक्त होता है ॥ २ ॥

क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति विज्ञाय चार्थं भजते न कामात्।
नासंपृष्टो ह्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य ॥३॥

जो वेदादि शास्त्र और दूसरे के कहे अभिप्राय को शीघ्र ही जानने, दीर्घ काल पर्यन्त वेदादि शास्त्र और धार्म्मिक विद्वानों के वचनों को ध्यान दे कर सुन के ठीक २ समझ निरभिमानी शान्त हो कर दूसरों से प्रत्युत्तर करने, परमेश्वर से लेके पृथिवी पर्यन्त पदार्थों को जान के उन से उपकार लेने में तन मन धन से प्रवृत्त हो कर काम क्रोध लोभ मोह भय शोकादि दुष्ट गुणों से पृथक् वर्तमान, किसी के पूछने वा दोनों के संवाद में बिना प्रसङ्ग के अयुक्त भाषणादि व्यवहार न करने वाला मनुष्य है यही पण्डित की बुद्धिमत्ता का प्रथम लक्षण है ॥ ३ ॥

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥ ४ ॥

जो मनुष्य प्राप्त होने के अयोग्य पदार्थों की कभी इच्छा नहीं करते अदृष्ट वा किसी पदार्थ के नष्ट भ्रष्ट हो जाने पर शोक करने की अभिलाषा नहीं करते और बड़े २ दुःखों से युक्त व्यवहारों की प्राप्ति में भी मूढ़ हो कर नहीं घबराते हैं वे मनुष्य पण्डितों की बुद्धि से युक्त कहाते हैं ॥४॥

प्रवृत्तवाक् चित्रकथ ऊहवान् प्रतिभानवान् ।
आशु ग्रन्थस्य वक्ता च यः स पण्डित उच्यते ॥ ५ ॥

जिस की वाणी सब विद्याओं में चलने वाली अत्यन्त अद्भुत विद्याओं की कथाओं को करने, बिना जाने पदार्थों को तर्क से शीघ्र जानने

जनाने, सुनी विचारी विद्याओं को सदा उपस्थित रखने और जो सब विद्याओं के ग्रन्थों को अन्य मनुष्यों को शीघ्र पढ़ाने वाला मनुष्य है वही पण्डित कहाता है ॥ ५ ॥

श्रुतं प्रज्ञानुगं यस्य प्रज्ञा चैव श्रुतानुगा।
असंभिन्नार्य्यमर्य्यादः पण्डिताख्यां लभेत सः ॥ ६ ॥

जिसकी सुनी हुई और पठित विद्या अपनी बुद्धि के सदा अनुकूल और बुद्धि और क्रिया सुनी पढ़ी हुई विद्याओं के अनुसार जो धार्म्मिक श्रेष्ठ पुरुषों की मर्य्यादा का रक्षक और दुष्ट डाकुओं की रीति को विदीर्ण करने हारा मनुष्य है वही पण्डित नाम धराने के योग्य होता है ॥ ६ ॥ जहां ऐसे २ सत्पुरुष पढ़ाने और बुद्धिमान् पढ़ने वाले होते हैं वहां विद्या और धर्म्म की वृद्धि हो कर सदा आनन्द ही बढ़ता जाता है और जहां निम्नलिखित मूढ़ पढ़ने पढ़ाने हारे होते हैं वहां अविद्या और अधर्म्म की उन्नति हो कर दुःख ही बढ़ता जाता है ॥

(प्र०) कैसे मनुष्य पढ़ाने और उपदेश करने वाले न होने चाहिये।

मूर्ख के लक्षण।

(उ०) अश्रुतश्च समुन्नद्धो दरिद्रश्च महामनाः।
अर्थांश्चाकर्म्मणा प्रेप्सुर्मूढ इत्युच्यते बुधैः ॥ १ ॥

जो किसी विद्या को न पढ़ और किसी विद्वान् का उपदेश न सुन कर बड़ा घमंडी, दरिद्र हो कर धनसम्बन्धी बड़े २ कामों की इच्छा वाला और बिना किये बड़े २ फलों की इच्छा करने हारा है ॥ दृष्टान्त—

जैसे—एक कोई दरिद्र शेखचिल्ली नामक किसी ग्राम में था वहां किसी नगर का बनिया दश रुपये उधार ले कर घी लेने आया था वह घी ले कर घड़े में भर किसी मज़ूर के खोज में था वहां शेखचिल्ली आ-निकला उस से पूछा कि इस घड़े को तीन कोस पर ले जाने को क्या

मज़ूरी लेगा उस ने कहा कि आठ आने, आगे बनिये ने कहा कि चार आने लेना हो तो ले, उस ने कहा अच्छा, शेख़चिल्ली घड़ा लेचला और बनिया पीछे २ चलता हुआ मन में मनोरथ करने लगा कि दश रुपयों के घी के ग्यारह रुपये आवेंगे दश रुपये सेठ को दूंगा और एक रुपया घर की पूंजी रहेगी वैसे ही दश फेरे में दश रुपये हो जांयगे इसी प्रकार दश से सौ, सौ से सहस्र, सहस्र से लक्ष लक्ष से करोड़ फिर सब जगह कोठियां करूंगा और सब राजा लोग मेरे क़र्ज़दार हो जांयगे इत्यादि बड़े २ मनोरथ करने लगा और शेख़चिल्ली ने विचारा कि चार आने की रुई ले सूत कात कर बेचूंगा आठ आने मिलेंगे फिर आठ आने से एक रुपैया हो जायगा फिर वैसे ही एक से दो रुपये होंगे उस से एक बकरी लूंगा जब उस के कच्चे बच्चे होंगे तब उन को बेच एक गाय लूंगा उस के कच्चे बच्चे बेच भैंस लूंगा उस के कच्चे बच्चे बेच एक घोड़ी लूंगा उस के कच्चे बच्चे बेच एक हथिनी लूंगा और उस के कच्चे बच्चे बेच दो बीबियां व्याहूंगा एक का नाम प्यारी और दूसरी का नाम बेप्यारी रक्खूंगा जब प्यारी के लड़के गोद में बैठने आवेंगे तब कहूंगा बच्चे आओ बैठो और जब बेप्यारी के लड़के आकर कहेंगे कि हम भी बैठें तब कहूंगा नहीं २ ऐसा कह कर शिर हिला दिया घड़ा गिरपड़ा फूट गया और घी भूमि पर फैल के धूलि में मिल गया बनिया रोने लगा और शेख़चिल्ली भी रोने लगा बनिये ने शेख़चिल्ली को धमकाया कि घी क्यों गिरा दिया और रोता क्यों है तेरा क्या नुक़सान हुआ ? (शेख़चिल्ली) तेरा क्या बिगाड़ हुआ तू क्यों रोता है ? (बनिया) मैंने दश रुपये उधार लेकर प्रथम ही घी खरीदा था उस पर बड़े २ लाभ का विचार किया था वह मेरा सब बिगड़ गया मैं क्यों न रोऊं ! (शेख़चिल्ली) तेरी तो दश रुपये आदि की ही हानि हुई मेरा तो घरही बना बनाया बिगड़ गया मैं क्यों न रोऊं ! (बनिया) क्या तेरे रोने से

मेरा घी आ जायगा? (शेखचिल्ली) अच्छा तो तेरे रोने से मेरा घर भी न बन जायगा! तू बड़ा मूर्ख है। (बनिया) तू मूर्ख तेरा बाप। दोनों आपस में एक दूसरे को मारने लगे फिर मार पीट कर शेखचिल्ली अपने घर की ओर भाग गया और उस बनिये ने धूलि मिले हुए घी को ठिकरे में उठा कर अपने घर की राह ली। ऐसे ही स्वसामर्थ्य के बिना अशक्य मनोरथ किया करना मूर्खों का काम है और जो बिना परिश्रम के पदार्थों की प्राप्ति में उत्साही होता है उसी मनुष्य को विद्वान् लोग मूर्ख कहते हैं॥ १॥

अनाहूतः प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ॥
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधमः ॥ २ ॥
महाभारत उद्योगपर्व विदुरप्रजागर ॥ अ० ३२ ॥

जो बिना बुलाये जहां तहां सभादि स्थानों में प्रवेश कर सत्कार और उच्चासन को चाहे वा ऐसी रीति से बैठे कि सब सत्पुरुषों को उस का आचरण अप्रिय विदित हो बिना पूछे बहुत अंडबंड बके अविश्वासियों में विश्वासी हो कर सुख की हानि कर लेवे वही मनुष्य मूढ़बुद्धि और मनुष्यों में नीच कहाता है॥ २॥ जहां ऐसे २ मूढ़ मनुष्य पठन पाठन आदि व्यवहारों को करने हारे होते हैं वहां सुखों का तो दर्शन कहां किन्तु दुःखों की भरमार तो हुआ ही करती है इसलिये बुद्धिमान् लोग ऐसे २ मूढ़ों का प्रसंग वा इनके साथ पठन पाठन क्रिया को व्यर्थ समझ कर पूर्वोक्त धार्म्मिक विद्वानों का प्रसंग और उन ही से विद्या का अभ्यास और सुशील बुद्धिमान् विद्यार्थियों ही को पढ़ाया करें। ये विद्वान् और मूर्ख के लक्षण विधायक श्लोक विदुरप्रजागर के ३२ अध्याय में एक ही ठिकाने लिखे हैं॥

जो विद्या पढ़ें और पढ़ावें वे निम्नलिखित दोषयुक्त न हों॥

आलस्यं मदमोहौ च चापलं गोष्ठिरेव च ॥
स्तब्धता चाभिमानित्वं तथा त्यागित्वमेव च ॥

एते वै सप्तदोषाः स्युः सदा विद्यार्थिनो मताः ॥
सुखार्थिनां कुतो विद्या नास्ति विद्यार्थिनः सुखम् ॥
सुखार्थी वा त्यजेद्विद्यां विद्यार्थी वा त्यजेत्सुखम् ॥

आलस्य, अभिमान, नशा करना, मूढ़ता, चपलता, व्यर्थ इधर उधर की अंडबंड बातें करना, जड़ता, कभी पढ़ना कभी न पढ़ना, अभिमान और लोभ लालच ये सात (७) विद्यार्थियों के लिये विद्या के विरोधी दोष हैं क्योंकि जिस को सुख चैन करने की इच्छा है उस को विद्या कहां और जिस का चित्त विद्याग्रहण करने कराने में लगा है उस को विषयसम्बन्धी सुख चैन कहां। इसलिये विषयसुखार्थी विद्या को छोड़े और विद्यार्थी विषयसुख से अवश्य अलग रहैं नहीं तो परमधर्म्म-रूप विद्या का पढ़ना पढ़ाना कभी नहीं हो सकेगा ॥ ये श्लोक भी महाभारत विदुरप्रजागर अध्याय ३९ में लिखे हैं ॥

(प्र०) कैसे २ मनुष्य सब विद्याओं की प्राप्ति कर और करा सकते हैं ॥

(उ०) ब्रह्मचर्यस्य च गुणं शृणु त्वं वसुधाधिप ॥
आजन्ममरणाद्यस्तु ब्रह्मचारी भवेदिह ॥ १ ॥
न तस्य किञ्चिदप्राप्यमिति विद्धि नराधिप ॥
बह्व्यः कोट्यस्त्वृषीणां च ब्रह्मलोके वसन्त्युत ॥ २ ॥
सत्ये रतानां सततं दान्तानामूर्द्ध्वरेतसाम् ॥
ब्रह्मचर्यं दहेद्राजन् सर्वपापान्युपासितम् ॥ ३ ॥

भीष्म जी युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे राजन्! तू ब्रह्मचर्य के गुण सुन। जो मनुष्य इस संसार में जन्म से लेके मरणपर्य्यन्त ब्रह्मचारी होता है ॥ १ ॥ उस को कोई शुभ गुण अप्राप्त नहीं रहता ऐसा तू जान कि जिस के प्रताप से अनेक क्रोड़ ऋषि ब्रह्मलोक अर्थात् सर्वानन्दस्वरूप परमात्मा में वास करते और इस लोक में भी अनेक सुखों को प्राप्त होते

हैं ॥ २ ॥ जो निरन्तर सत्य में रमण, जितेन्द्रिय, शान्तात्मा उत्कृष्ट शुभ-गुणस्वभावयुक्त और रोगरहित पराक्रमसहित शरीर ब्रह्मचर्य्य अर्थात् वेदादि सत्य शास्त्र और परमात्मा की उपासना का अभ्यास कर्म्मादि करते हैं उन के वे सब उत्तम गुण बुरे काम और दुःखों को नष्ट कर सर्वोत्तम धर्म्मयुक्त कर्म्म और सब सुखों की प्राप्ति कराने हारे होते हैं और इन्हीं के सेवन से मनुष्य उत्तम अध्यापक और उत्तम विद्यार्थी हो सकते हैं॥

(प्र०) शूरवीर किन को कहते हैं ॥

वेदाऽध्ययनशूराश्च शूराश्चाऽध्ययने रताः ॥
गुरुशुश्रूषया शूराः पितृशुश्रूषयाऽपरे ॥ १ ॥
मातृशुश्रूषया शूरा भैक्ष्यशूरास्तथाऽपरे ॥
अरण्ये गृहवासे च शूराश्चाऽतिथिपूजने ॥ २ ॥

जो मनुष्य वेदादि शास्त्रों के पढ़ने पढ़ाने में शूरवीर, जो दुष्टों के दलन और श्रेष्ठों के पालन में शूरवीर अर्थात् दृढ़ोत्साही उद्योगी, जो निष्कपट परोपकारक अध्यापकों की सेवा करके शूरवीर, जो अपने जनक (पिता) की सेवा करके शूरवीर ॥ १ ॥ जो माता की परिचर्या से शूर, जो संन्यासाश्रम से युक्त अतिथिरूप होकर सर्वत्र भ्रमण करके परोपकार करने में शूर, जो वानप्रस्थाश्रम के कर्म्म और जो गृहाश्रम के व्यवहार में शूर होते हैं वे ही सब सुखों के लाभ करने कराने में अत्युत्तम होके धन्यवाद के पात्र होते हैं कि जो अपना तन मन धन विद्या और धर्मादि शुभ गुण ग्रहण में सदा उपयुक्त करते हैं ॥

(प्र०) शिक्षा किस को कहते हैं ॥

(उ०) जिस से मनुष्य विद्या आदि शुभ गुणों की प्राप्ति और अविद्यादि दोषों को छोड़ के सदा आनन्दित हो सकें वह शिक्षा कहाती है ॥

(प्र०) विद्या और अविद्या किस को कहते हैं ॥

(उ०) जिस से पदार्थ का स्वरूप यथावत् जान कर उस से उपकार लेके अपने और दूसरों के लिये सब सुखों को सिद्ध कर सकें वह विद्या और जिस से पदार्थों के स्वरूप को उलटा जान कर अपना और पराया अनुपकार कर लेवें वह अविद्या कहाती है ॥

(प्र०) मनुष्यों को विद्या की प्राप्ति और अविद्या के नाश के लिये क्या २ कर्म करना चाहिये ॥

(उ०) वर्णोच्चारण से ले के वेदार्थज्ञान के लिये ब्रह्मचर्य आदि कर्म करना योग्य है ॥

(प्र०) ब्रह्मचारी किस को कहते हैं ॥

(उ०) जो जितेन्द्रिय होके ब्रह्म अर्थात् वेदविद्या के लिये तथा आचार्यकुल में जा कर विद्याग्रहण के लिये प्रयत्न करे वह ब्रह्मचारी कहाता है ॥

(प्र०) आचार्य किस को कहते हैं ॥

(उ०) जो विद्यार्थियों को अत्यन्त प्रेम से धर्मयुक्त व्यवहार की शिक्षापूर्वक विद्या होने के लिये तन मन और धन से प्रयत्न करे उस को आचार्य कहते हैं ॥

(प्र०) अपने सन्तानों के लिये माता पिता और आचार्य क्या २ शिक्षा करें ॥

(उ०)—मातृमान् पितृमानाचार्य्यवान् पुरुषो वेद॥ शतपथब्राह्मण

अहोभाग्य उस मनुष्य का है कि जिस का जन्म धार्मिक विद्वान् माता पिता और आचार्य के सम्बन्ध में हो क्योंकि इन तीनों ही की शिक्षा से मनुष्य उत्तम होता है। ये अपने सन्तान और विद्यार्थियों को अच्छी भाषा बोलने खाने पीने बैठने उठने वस्त्र धारणे माता पिता आदि का मान्य करने उन के सामने यथेष्टाचारी न होने, विरुद्ध चेष्टा न करने

आदि के लिये प्रयत्न से नित्यप्रति उपदेश किया करें और जैसा २ उस का सामर्थ्य बढ़ता जाय वैसी २ उत्तम २ बातें सिखलाते जांय इसी प्रकार लड़के और लड़कियों को पांच वा आठ वर्ष की अवस्था पर्यन्त माता पिता और इस के उपरान्त आचार्य की शिक्षा होनी चाहिये ॥

(प्र०) क्या जैसी चाहें वैसी शिक्षा करें ॥

(उ०) नहीं, जो अपने पुत्र पुत्री और विद्यार्थियों को सुनावें कि सुन मेरे बेटे बिटिया और विद्यार्थी तेरा शीघ्र विवाह करेंगे तू इस की डाढ़ी मूंछ पकड़ ले, इस की जटा पकड़ के ओढ़नी फेंक दे, धौल मार, गाली दे, इस का कपड़ा छीन ले, पगड़ी वा टोपी फेंक दे खेल, कूद, हंस, रो, तुम्हारे विवाह में फुलवारी निकालेंगे इत्यादि कुशिक्षा करते हैं उन को माता पिता और आचार्य न समझने चाहिये किन्तु सन्तान और शिष्यों के पक्के शत्रु और दुःखदायक हैं क्योंकि जो बुरी चेष्टा देख कर लड़कों को न घुड़कते और न दंड देते हैं वे क्योंकर माता पिता और आचार्य हो सकते हैं क्योंकि जो अपने सामने यथातथा बकने निर्लज्ज होने व्यर्थ चेष्टा करने आदि बुरे कर्म्मों से हटा कर विद्या आदि शुभ गुणों के लिये उपदेश नहीं करते, न तन, मन, धन लगा के उत्तम विद्या व्यवहार का सेवन करा कर अपने सन्तानों को सदा श्रेष्ठ करते जाते हैं वे माता, पिता और आचार्य कहा कर धन्यवाद के पात्र कभी नहीं हो सकते और जो अपने २ सन्तान और शिष्यों को ईश्वर की उपासना धर्म्म अधर्म्म प्रमाण, प्रमेय, सत्य, मिथ्या, पाखण्ड, वेद, शास्त्र आदि के लक्षण और उन के स्वरूप का यथावत् बोध करा और सामर्थ्य के अनुकूल उन को वेद शास्त्रों के वचन भी कण्ठस्थ करा कर विद्या पढ़ने आचार्य के अनुकूल रहने की रीति भी जना देवें कि जिस से विद्याप्राप्ति आदि प्रयोजन निर्विघ्न सिद्ध हों वे ही माता पिता और आचार्य कहाते हैं ॥

(प्र०) विद्या किस २ प्रकार और किन कर्मों से होती है ? ॥

(उ०) चतुर्भिःप्रकारैर्विद्योपयुक्ता भवति । आगमकालेन स्वाध्यायकालेन प्रवचनकालेन व्यवहारकालेनेति ॥ महा० अ० १ । १ । १ । आ० १ ॥

विद्या चार प्रकार से आती है । आगम । स्वाध्याय । प्रवचन । और व्यवहार काल, आगमकाल उस को कहते हैं कि जिस से मनुष्य पढ़ानेवाले से सावधान हो कर ध्यान देके विद्यादि पदार्थ ग्रहण कर सकें । स्वाध्यायकाल उस को कहते हैं कि जो पटनसमय में आचार्य के मुख से शब्द अर्थ और सम्बन्धों की बातें प्रकाशित हों उन को एकान्त में स्वस्थचित हो कर पूर्वापर विचार के ठीक २ हृदय में दृढ़ कर सकें । प्रवचनकाल उस को कहते हैं कि जिस से दूसरे को प्रीति से विद्याओं को पढ़ा सकना । व्यवहारकाल उस को कहते हैं कि जब अपने आत्मा में सत्यविद्या होती है तब यह करना यह न करना है वही ठीक २ सिद्ध हो के वैसा ही आचरण करना हो सके, ये चार प्रयोजन हैं तथा अन्य भी चार कर्म विद्याप्राप्ति के लिये हैं । श्रवण । मनन । निदिध्यासन और साक्षात्कार । श्रवण उस को कहते हैं कि आत्मा मन के और मन श्रोत्र इन्द्रिय के साथ यथावत् युक्त करके अध्यापक के मुख से जो २ अर्थ और सम्बन्ध के प्रकाश करने हारे शब्द निकलें उनको श्रोत्र से मन और मन से आत्मा में एकत्र करते जाना । मनन उस को कहते हैं कि जो २ शब्द अर्थ और सम्बन्ध आत्मा में एकत्र हुए हैं उन का एकान्त में स्वस्थचित्त होकर विचार करना कि कौन अर्थ किस के साथ कौन अर्थ किस शब्द के साथ और किस किस शब्द और अर्थ के साथ सम्बन्ध अर्थात् मेल रखता और इन के मेल में किस प्रयोजन की सिद्धि और उलटे होने में क्या २ हानि होती है इत्यादि । निदिध्यासन उसको कहते हैं कि जो २ शब्द अर्थ और सम्बन्ध सुने विचारे हैं वे ठीक २ हैं वा नहीं इस बात की विशेष परीक्षा

करके दृढ़ निश्चय करना और साक्षात्कार उस को कहते हैं कि जिन अर्थों के शब्द और सम्बन्ध सुने विचारे और निश्चय किये हैं उन को यथावत् ज्ञान और क्रिया से प्रत्यक्ष करके व्यवहारों की सिद्धि से अपना और पराया उपकार करना आदि विद्या की प्राप्ति के साधन हैं ॥

(प्र०) आचार्य के साथ विद्यार्थी कैसा २ वर्ताव करें और कैसा २ न करें । (उ०) मिथ्या को छोड़ के सत्य बोलें, सरल रहें, अभिमान न करें, आज्ञा पालन करें, स्तुति करें, निन्दा न करें, नीच आसन पर बैठें, ऊंचे न बैठें, शान्त रहें, चपलता न करें, आचार्य की ताड़ना पर प्रसन्न रहें, क्रोध कभी न करें, जब कुछ वे पूछें तो हाथ जोड़ के नम्र हो कर उत्तर देवें, घमण्ड से न बोलें, जब वे शिक्षा करें चित्त दे कर सुनें, ठट्ठे में न उड़ावें, शरीर और वस्त्र शुद्ध रक्खें, मैले कभी न रक्खें, जो कुछ प्रतिज्ञा करें उस को पूरी करें, जितेन्द्रिय होवें, लम्पटपन व्यभिचार कभी न करें, उत्तमों का सदा मान करें, अपमान कभी न करें, उपकार मान के कृतज्ञ होवें, किसी के अनुपकारी होकर कृतघ्न न होवें, पुरुषार्थी रहें, आलसी कभी न हों, जिस २ कर्म से विद्याप्राप्ति हो उस २ को करते जांय, जो २ बुरे काम क्रोध लोभ मोह भय शोक आदि विद्या-विरोधी हों उन को छोड़ कर सदा उत्तम गुणों की कामना करें। बुरे कामों पर क्रोध, विद्याग्रहण में लोभ, सज्जनों में मोह, बुरे कामों से भय, अच्छे काम न होने में शोक करके विद्यादि शुभ गुणों से आत्मा और जितेन्द्रिय-वीर्य आदि धातुओं की रक्षा से शरीर का बल सदा बढ़ाते जांय,

(प्र०) आचार्य विद्यार्थियों के साथ कैसे वर्त्तें ॥

(उ०) जिस प्रकार से विद्यार्थी विद्वान् सुशील निरभिमानी सत्य-वादी धर्मात्मा आस्तिक निरालस्य उद्योगी परोपकारी वीर धीर, गम्भीर, पवित्राचरण शान्तियुक्त दमनशील जितेन्द्रिय ऋजु प्रसन्नवदन

होकर माता पिता, आचार्य, अतिथि, बन्धु, मित्र, राजा, प्रजा आदि के प्रियकारी हों जब किसी से बात चीत करें तब जो २ उस के मुख से अक्षर पद वाक्य निकलें उन को शान्त हो कर सुन के प्रत्युत्तर देवें जब कभी कोई बुरी चेष्टा मलिनता मैले वस्त्रधारण बैठने उठने में विपरीताचरण निन्दा, ईर्षा, द्रोह, विवाद, लड़ाई, बखेड़ा, चुगली किसी पर मिथ्या दोष लगाना, चोरी, जारी, अनभ्यास, आलस्य, अतिनिद्रा, अतिभोजन, अतिजागरण व्यर्थ खेलना, इधर उधर अट्ट सट्ट मारना, विषयसेवन, बुरे व्यवहारों की कथा करना, वा सुनना, दुष्टों के संग बैठना आदि दुष्ट व्यवहार करे तो उस को यथाऽपराध कठिन दण्ड देवे। इस में प्रमाण—

सामृतैः पाणिभिर्घ्नन्ति गुरवो न विषोक्षितैः ॥
लालनाश्रयिणो दोषास्ताड़नाश्रयिणो गुणाः ॥ १ ॥
महाभाष्य । अ० ८ । पा० १ । सू० ८ । आ० १ ।

आचार्य लोग अपने विद्यार्थियों को विद्या और सुशिक्षा होने के लिये प्रेमभाव से अपने हाथों से ताड़ना करते हैं क्योंकि सन्तान और विद्यार्थियों का जितना लाड़न करना है उतना ही उन के लिये विगाड़ और जितनी ताड़ना करनी है उतना उन के लिये सुधार है। परन्तु ऐसी ताड़ना न करे कि जिस से अंगभंग वा मर्म में लगने से विद्यार्थी वा लड़के लड़की लोग व्यथा को प्राप्त हो जांय ॥

(प्र०) पठितव्यं तदपि मर्त्तव्यं न पठितव्यं तदपि मर्त्तव्यं
दन्तकटाकटेति किं कर्त्तव्यम् ॥

हुड़दङ्ग उवाच। हुड़दङ्गा कहता है कि जो पढ़ता है वह भी मरता है और जो नहीं पढ़ता वह भी मरता है फिर पढ़ने पढ़ाने में दांत कटाकट क्यों करना ॥

(उ०) न विद्यया विना सौख्यं नराणां जायते ध्रुवम् ॥
अतो धर्मार्थमोक्षेभ्यो विद्याभ्यासं समाचरेत् ॥ १ ॥

सज्जन उवाच । सज्जन कहता है कि सुन भाई हुड़दङ्गे ! जो तू जानता है सो विद्या का फल नहीं कि विद्या के पढ़ने से जन्म मरण आंख से देखना कान से सुनना आदि ये ईश्वरीय नियम अन्यथा हो जांय किन्तु विद्या से यथार्थज्ञान हो कर यथायोग्य व्यवहार करने कराने से आप और दूसरों को आनन्दयुक्त करना विद्या का फल है क्योंकि बिना विद्या के किसी मनुष्य को निश्चल सुख नहीं हो सकता क्या भया किसी को क्षण भर सुख हुआ न हुआ सा है किसी का सामर्थ्य नहीं है कि जो अविद्वान् हो कर धर्म अर्थ काम और मोक्ष के स्वरूप को यथावत् जान कर सिद्ध कर सके । इसलिये सब को उचित है कि इन की सिद्धि के लये विद्या का अभ्यास तन मन धन से किया और कराया करें (हुड़दङ्गा) हम देखते हैं कि बहुत से मनुष्य विद्या पढ़े हुए दरिद्र और भीख मांगते तथा बिना पढ़े हुए राज्य धन का आनन्द भोगते हैं (सज्जन) सुनो प्रिय ! सुख दुःख का योग आत्मा में हुआ करता है जहां विद्यारूप सूर्य्य का अभाव और अविद्यान्धकार का भाव है वहां दुःखों की तो भरमार, सुख की क्या कथा कहना है और जहां विद्यार्क प्रकाशित हो कर अविद्यान्धकार को नष्ट कर देता है उस आत्मा में सदा आनन्द का योग और दुःख की ठिकाना भी नहीं मिलता है । हुड़दङ्गा शिर धुन कर चुप होगया ॥

(प्र०) आचार्य किस रीति से विद्या और सुशिक्षा का ग्रहण करावें और विद्यार्थी लोग करें ॥

(उ०) आचार्य समाहित हो कर ऐसी रीति से विद्या और सुशिक्षा करें कि जिस से उस के आत्मा के भीतर सुनिश्चित अर्थ हो कर उत्साह ही बढ़ता जाय ऐसी चेष्टा वा कर्म कभी न करें कि जिस को देख वा करके विद्यार्थी अधर्मयुक्त हो जावें । दृष्टान्त—हस्तक्रिया, यन्त्र, कला कौशल विचार, आदि से विद्यार्थियों के आत्मा में पदार्थ

इस प्रकार साक्षात् करावें कि एक के जानने से हजारहं पदार्थ यथावत् जानते जांय, अपने आत्मा में इस बात का ध्यान रक्खें कि जिस २ प्रकार से संसार में विद्या धर्माचरण की बढ़ती और मेरे पढ़ाये मनुष्य अविद्वान् और कुशिक्षित होकर मेरी निन्दा के कारण न हो जांय कि मैं ही विद्या के रोकने और अविद्या की वृद्धि का निमित्त न गिना जाऊं, ऐसा न हो कि सर्वात्मा परमेश्वर के गुण कर्म स्वभाव से मेरे गुण कर्म स्वभाव विरुद्ध होने से मुझ को महादुःख भोगना हो, परम धन्य वे मनुष्य हैं कि जो अपने आत्मा के समान सुख में सुख और दुःख में दुःख अन्य मनुष्यों का जान कर धार्मिकता को कदापि नहीं छोड़ते, इत्यादि उतम व्यवहार आचार्य लोग नित्य करते जांय, विद्यार्थी लोग भी जिन कर्मों से आचार्य की प्रसन्नता होती जाय वैसे कर्म करें जिस से उस का आत्मा संतुष्ट होकर चाहे कि ये लोग विद्या से युक्त हो कर सदा प्रसन्न रहें रात दिन विद्या ही के विचार में लग कर एक दूसरे के साथ प्रेम से परस्पर विद्या को पढ़ाते जावें। जहां विषय वा अधर्म की चर्चा भी होती हो वहां कभी खड़े भी न रहें। जहां २ विद्यादि व्यवहार और धर्म का व्याख्यान होता हो वहां से अलग कभी न रहें भोजन छादन ऐसी रीति से करें कि जिस से कभी रोग, वीर्यहानि, वा प्रमाद न बढ़े। जो बुद्धि के नाश करने हारे नशा के पदार्थ हों उन को ग्रहण कभी न करें किन्तु जो २ ज्ञान बढ़ाने और रोग नाश करने हारे पदार्थ हों उन्हीं का सेवन सदा किया करें। नित्यप्रति परमेश्वर का ध्यान योगाभ्यास बुद्धि का बढ़ाना सत्य धर्म की निष्ठा और अधर्म का सर्वथा त्याग करते रहें। जो २ पढ़ने में विघ्नरूप कर्म हों उन को छोड़ कर पूर्ण विद्या को प्राप्त करें इत्यादि दोनों के गुण कर्म हैं॥

(प्र०) सत्य और असत्य का निश्चय किस प्रकार से होता है क्योंकि जिस को एक सत्य कहता है दूसरा उसी को मिथ्या बतलाता है उस का निर्णय करने में क्या २ निश्चित साधन है॥

(उ०) पांच हैं । उन में प्रथम ईश्वर उस के गुण कर्म स्वभाव और वेदविद्या, दूसरा सृष्टिक्रम तीसरा प्रत्यक्षादि आठ प्रमाण, चौथा आप्तों का आचार, उपदेश ग्रन्थ और सिद्धान्त और पांचवां अपने आत्मा की साक्षी अनुकूलता, जिज्ञासुता, पवित्रता और विज्ञान । ईश्वरादि से परीक्षा करना उस को कहते हैं कि जो २ ईश्वर के न्याय आदि गुण पक्षपातरहित सृष्टि बनाने का कर्म और सत्य न्याय दयालुता परोपकारता आदि स्वभाव और वेदोपदेश से सत्य और धर्म ठहरे वही सत्य और धर्म, और जो २ असत्य और अधर्म ठहरे वही असत्य और अधर्म है जैसे कोई कहे कि विना कारण और कर्त्ता के कार्य होता है सो सर्वथा मिथ्या जानना इस से यह सिद्ध होता है कि जो सृष्टि की रचना करने हारा पदार्थ है वही ईश्वर, और उस के गुण कर्म स्वभाव वेद और सृष्टिक्रम से ही निश्चित जाने जाते हैं । दूसरा सृष्टिक्रम उस को कहते हैं कि जो २ सृष्टिक्रम अर्थात् सृष्टि के गुण, कर्म और स्वभाव से विरुद्ध हो वह मिथ्या और अनुकूल हो वह सत्य कहाता है । जैसे कोई कहे कि विना मा बाप के लड़का, कान से देखना, आंख से बोलना आदि होता व हुआ है ऐसी २ बातें सृष्टिक्रम से विरुद्ध होने से मिथ्या और माता पिता से सन्तान, कान से सुनना और आंख से देखना आदि सृष्टिक्रम के अनुकूल होने से सत्य ही हैं । तीसरा प्रत्यक्ष आदि आठ प्रमाणों से परीक्षा करना उस को कहते हैं कि जो २ प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों से ठीक २ ठहरे वह सत्य और जो २ विरुद्ध ठहरे वह मिथ्या समझना चाहिये । जैसे किसी ने किसी से कहा कि यह क्या है दूसरे ने कहा कि पृथिवी यह प्रत्यक्ष इस को देख कर इस के कारण का निश्चय करना । अनुमान, जैसे विना बनाने हारे के घर नहीं बन सकता वैसा ही सृष्टि का बनाने हारा ईश्वर भी बड़ा कारीगर है, यह दृष्टान्त उपमान और सत्योपदेष्टाओं का उपदेश वह शब्द । भूत-

कालस्थ पुरुषों की चेष्टा, सृष्टि आदि पदार्थों की कथा आदि को ऐतिह्य। एक बात को सुन कर विना सुने कहे प्रसंग से दूसरी बात को जान लेना यह अर्थापत्ति, कारण से कार्य्य होना आदि को सम्भव और आठवां अभाव अर्थात् किसी ने किसी से कहा कि जल ले आ उस ने वहां जल के अभाव को जान कर तर्क से जाना कि जहां जल है वहां से ले आके देना चाहिये यह अभाव प्रमाण कहाता है। इन आठ प्रमाणों से जो विपरीत न हो वह २ सत्य और जो २ उलटा हो वह २ मिथ्या है। आप्तों के आचार और सिद्धान्त से परीक्षा करना उस को कहते हैं कि जो २ सत्यवादी सत्यकारी सत्यमानी पक्षपातरहित सब के हितैषी विद्वान् सब के सुख के लिये प्रयत्न करें वे धार्मिक लोग आप्त कहाते हैं। उन के उपदेश, आचार, ग्रन्थ और सिद्धान्त से जो युक्त हो वह सत्य और जो विपरीत हो वह मिथ्या है। आत्मा से परीक्षा उस को कहते हैं कि जो २ अपना आत्मा अपने लिये चाहे सो सब के लिये चाहना और जो २ न चाहे सो २ किसी के लिये न चाहना जैसा आत्मा में वैसा मन में जैसा मन में वैसा क्रिया में होने को जानने की इच्छा, शुद्धभाव और विद्या के नेत्र से देख के सत्य और असत्य का निश्चय करना चाहिये। इन पांच प्रकार की परीक्षाओं से पढ़ाने पढ़ने हारे तथा सब मनुष्य सत्याऽसत्य का निर्णय करके धर्म का ग्रहण और अधर्म का परित्याग करें और करावें॥

(प्र०) धर्म और अधर्म किस को कहते हैं?॥

(उ०) जो पक्षपातरहित न्याय सत्य का ग्रहण असत्य का परित्याग पांचो परीक्षाओं के अनुकूल आचरण ईश्वराज्ञा का पालन परोपकार करनारूप धर्म और जो इस से विपरीत वह अधर्म कहाता है क्योंकि जो सब के अविरुद्ध वह धर्म और जो परस्पर विरुद्धाचरण है सो अधर्म क्योंकर न कहावे गा, देखो किसी ने किसी से पूछा कि सत्य

क्या है उस को उस ने उत्तर दिया जो मैं मानता हूं, और जो वह मानता है, वा जो मैं मानता हूं वह क्या है। उस ने कहा कि अधर्म है, यही पक्षपात से मिथ्या और विरुद्धाचार अधर्म और जब तीसरे ने दोनों से पूछा कि सत्य बोलना धर्म अथवा असत्य तब दोनों ने उत्तर दिया कि सत्य बोलना धर्म और असत्य बोलना अधर्म है इसी का नाम धर्म जानो। परन्तु यहां पांच परीक्षा की युक्ति से सत्य और असत्य का निश्चय करना योग्य है॥

(प्र०) जब २ सभा आदि व्यवहारों में जावें तब २ कैसे २ वर्तें ?॥

(उ०) जब सभा में जावें तब दृढ़ निश्चय कर लेवें कि मैं सत्य को जीतूं और असत्य को हराऊं गा। अभिमान न रक्खे अपने को बड़ा न माने। अपनी बात का कोई खण्डन करे उस पर क्रुद्ध वा अप्रसन्न न हो जो कोई कहे उस के बचन को ध्यान दे कर सुन के जो उस में कुछ असत्य भान हो तो उस अंश का खण्डन अवश्य करे और जो सत्य होतो प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण करे बड़ाई छोटाई न गिने व्यर्थ बकवाद न करे कभी मिथ्या का पक्ष न करे और सत्य को कदापि न छोड़े ऐसी रीति से बैठे वा उठे कि जिस से किसी को बुरा विदित न हो सर्वहित पर दृष्टि रक्खे जिस से सत्य की बढ़ती और असत्य का नाश हो उस को करे सज्जनों का संग करे और दुष्टों से अलग रहे जो २ प्रतिज्ञा करे वह २ सत्य से विरुद्ध न हो और उस को सर्वदा यथावत पूरी करे। इत्यादि कर्म्म सब सभा आदि व्यवहारों में करें॥

(प्र०) जड़बुद्धि और तीव्रबुद्धि किस को कहते हैं ?॥

(उ०) जो आप तो समझ ही न सके परन्तु दूसरे के समझाने से भी न समझे वह जड़बुद्धि और जो समझाने से झटपट समझे और थोड़े ही समझाने से बहुत समझ जावे वह तीव्रबुद्धि कहाता है यहां महाजड़ और विद्वान् का दृष्टान्त सुनो, कहीं एक रामदास वैरागी का

चेला भूपालदास पाठ करता २ कुए पर पानी भरने को गया वहां एक पण्डित बैठा था उस ने अशुद्ध पाठ सुन कर कहा कि तूं " श्री गनेसा-यनमः ,, ऐसा घोखता है सो शुद्ध नहीं है किन्तु " श्री गणेशायनमः ,, ऐसा शुद्ध पाठ कर, तब वह बोला कि मेरे महन्त जी बड़े पण्डित हैं उन ने जैसा मुझ को सुनाया है वैसा ही घोखूंगा वह पानी भर कर अपने गुरु के पास जा के कहा कि महाराज जी एक बम्मन् मेरे पाठ को अशुद्ध बतलाता है तब खाकी जी ने चेलों से कहा कि उस बम्मन् को यहां बुला लाओ वह गुरु का फटकारा मेरे चेले को क्यों बहकाता और सुद्ध का असुद्ध क्यों बतलाता है। चेला गया पण्डित जी को बुला लाया, पण्डित से महन्त बोले कि तू इस के कितने प्रकार के पाठ जानता है पण्डित ने कहा कि एक प्रकार का। महन्त जी ने कहा कि तू कुछ भी नहीं जानता है देख मैं तीन प्रकार का पाठ जानता हूं। एक-स्री गनेसाजनम। दूसरा-स्री गनेसापनम। तीसरा-स्री गनेसायनम। (पण्डित) महन्त जी! तुम्हारे पाठ में पांच दोष हैं प्रथम श, का स। ण का, न। शा, का, सा। य, का, ज, प बोलना और विसर्जनीय का न बोलना पांच अशुद्धि हैं महन्त जी बोले चलवे गुरु के बड़े घर में सब सुद्ध है। पण्डित चुप कर चले आये क्योंकि " सर्वस्यौषधमस्ति शास्त्रकथितं मूर्खस्य ना-स्त्यौषधम् ,, सब का औषध शास्त्र में कहा है परन्तु शठ मनुष्यों का औषध नहीं कहा। ऐसे हठी मनुष्यों से अलग रहे जो वे सुधरा चाहें तो विद्वान् उपदेश करके उन को अवश्य सुधारें॥

(प्र०) जो माता पिता आचार्य्य और अतिथि अधर्म करें और कराने का उपदेश करें तो मानना चाहिये वा नहीं ?॥

(उ०) कदापि नहीं॥ कुमाता कुपिता सन्तानों को बुरे उपदेश क-रते हैं कि बेटा बिटिया तेरा बिवाह शीघ्र करदेंगे, किसी की चीज पावें

उठा लाना, कोई एक गाली दे तो उस को तू पचास गाली दे, लड़ाई झगड़ा खेल चोरी जारी मिथ्याभाषण भांग, मद्य, गांजा, चरस, अफीम, खाना, पीना आदि कर्म्म करने में कुछ दोष नहीं क्योंकि अपनी कुलपरंपरा है। सुनो प्रमाण ॥ कुल धर्म्मः सनातनः ॥ जो कुल में धर्म पहिले से चला आता है उस के करने में कुछ भी दोष नहीं ॥ सुसन्तान वाले जो तुमने शीघ्र बिवाह करना किसी की चीज उठा लाना आदि कर्म्म कहे वे दुष्ट मनुष्यों के काम हैं श्रेष्ठों के नहीं किन्तु श्रेष्ठ तो ब्रह्मचर्य से पूर्ण विद्या पढ़कर स्वयंवर अर्थात् पूर्ण युवा अवस्था में दोनों की प्रसन्नतापूर्वक बिवाह करना, किसी की छोड़ी की चीज़ जंगल में पड़ी देख कर कभी ग्रहण करने की मन में भी इच्छा न करना आदि कर्म किया करते हैं। जो२ तुम्हारे उत्तम कर्म्म और उपदेश हैं उन २ को तो हम ग्रहण करते हैं अन्य को नहीं परंतु तुम कैसे ही हो हम को तन, मन, धन से तुम्हारी सेवा करना परम धर्म्म है क्योंकि जैसी तुम ने बाल्यावस्था में हमारी सेवा की है वैसी तुम्हारी सेवा हम क्यों न करें। कुसन्तान आह। श्रेष्ठ माता पिता आचार्य्य अतिथियों से अभागिये सन्तान कहते हैं कि हम को खूब खिलाओ पिलाओ खेलने दो हमारे लिये कमाया करो जब तुम मर जाओ गे तब हम ही को सब काम करना पड़ेगा। शीघ्र बिवाह कर दो नहीं तो हम इधर उधर लीला करें होंगे बाग में जाके नाच तमाशे करेंगे वा बैरागी हो जायंगे पढ़ने में बड़ा कष्ट होता है हम को पढ़के क्या करना है क्योंकि हमारी सेवा करनेवाले तुम तो बने ही हो हम को सैल सपट्टा सवारी सिकारी नाच खाने पीने ओढ़ने पहरने के लिये खूब दिया करो नहीं तो हम जब जवान होंगे तब तुम को समझ लेंगे। दंडादण्डि नखानखि केशाकेशि, मुष्टामुष्टि युद्धमेव भविष्यत्यन्यत्किम्। ऐसे २ सन्तान दुष्ट कहाते हैं। उत्तम माता आदि उन से कहते हैं कि सुनो लडको! अभी तुम्हारी पढ़ने गुरुने सत्सङ्ग करने अच्छी२

बात सीखने वीर्य्यनिग्रह और आचार्य्य आदि की सेवा करने विद्वान् होने शरीर और आत्मा की पूर्ण युवावस्था आदि उत्तम कर्म्म करने की अवस्था है जो चूकोगे तो फिर पछतावोगे पुनः ऐसा समय तुम को मिलना अतिकठिन है क्योंकि जब तक हम घर का और तुम्हारे खाने पीने आदि का प्रबन्ध करने वाले हैं तब तक तुम सुशिक्षा ग्रहणपूर्वक सर्वोत्कृष्ट विद्यारूपी धन को संचित करो यही अक्षय धन है कि जिस को चोर आदि न ले सकते न भार होता और जितना दान करो उतना ही अधिक २ बढ़ता जाता है। इस के होने से जहां रहोगे वहां सुखी और प्रतिष्ठा पाओगे धर्म अर्थ काम और मोक्ष के सम्बन्धिकर्म्मों को जान कर सिद्ध कर सकोगे। हम जब तुम को विद्यारूप श्रेष्ठगुणों से अलंकृत देखेंगे तभी हम को परम सन्तोष होगा और जो तुम कोई दुष्ट काम करोगे तो हम अपना भी अभाग्य समझेंगे क्योंकि हमारे कौन से पापों के फल से हम को दुष्ट सन्तान मिले क्या तुम नहीं देखते कि जिन मनुष्यों को राज्य धन प्राप्त भी है परंतु विद्या और उत्तम शिक्षा के विना नष्ट भ्रष्ट हो जाते और श्रेष्ठविद्या सुशिक्षा से युक्त दरिद्र भी राज्य और ऐश्वर्य्य को प्राप्त होते हैं तुम को चाहिये कि—

यान्यस्माकꣳसुचरितानि तानि त्वयोपास्यानि नो इतराणि ॥ तैत्तिरीय आरण्यके प्रपाठके ७। अनुवाक ११॥

जो २ हमारे उत्तम चरित्र हैं सो २ करो और कभी हम भी बुरे काम करें उन को कभी मत करो इत्यादि उत्तम उपदेश और कर्म करने और कराने हारे माता पिता और आचार्य्य आदि श्रेष्ठ कहाते हैं ॥

(प्र०) राजा प्रजा और इष्ट मित्र आदि के साथ कैसा २ व्यवहार करें ?॥

(उ०) राजपुरुष प्रजा के लिये सुमाता और सुपिता के समान और प्रजापुरुष राजसम्बन्ध में सुसंतान के सदृश वर्त्त कर परस्पर आनन्द

बढ़ावें । मित्र मित्र के साथ सत्य व्यवहारों के लिये आत्मा के समान प्रीति से वर्त्तें परंतु अधर्म्म के लिये नहीं, पड़ोसी के साथ ऐसा वर्त्ताव करें कि जैसा अपने शरीर के लिये करते हैं वैसे ही मित्रादि के लिये भी कर्म किया करें स्वामी सेवक के साथ ऐसा वर्त्तें कि जैसा अपने हस्त-पादादि अंगों की रक्षा के लिये वर्त्तते हैं, सेवक स्वामियों के लिये ऐसे वर्त्तें कि जैसे अन्न जल वस्त्र और घर आदि शरीर की रक्षा के लिये होते हैं ॥

(प्र०) ब्रह्मचर्य का क्या २ नियम है ? ॥

(उ०) कम से कम पच्चीस २५ वर्षपर्यन्त पुरुष और सोलह वर्ष पर्यन्त कन्या को ब्रह्मचर्य सेवन अवश्य करना चाहिये । और अड़तालीसवें वर्ष से अधिक पुरुष और चौबीस से अधिक कन्या ब्रह्मचर्य का सेवन न करें किन्तु इस के उपरान्त गृहाश्रम का समय है ॥

(प्र०) प्रमादी ब्रूते । पागल मनुष्य कहता है कि सुनो जी ! कन्याओं का पढ़ना शास्त्रोक्त नहीं क्योंकि जब वे पढ़ जावेंगी तो मूर्ख पति का अपमान करके इधर उधर पत्र भेज कर अन्य पुरुषों से प्रीति जमा के व्यभिचार किया करेंगी ॥

(उ०) सज्जनः समाधत्ते । श्रेष्ठ मनुष्य उस को उत्तर देता है सुनो जी ! तुम्हारे कहने से यह आया कि किसी पुरुष को भी न पढ़ना चाहिये क्योंकि वह भी पढ़ कर मूर्ख स्त्री का अपमान और डाक गाड़ी चला कर इधर उधर अन्य स्त्रियों के साथ सैल सपाटा किया करेगा ॥

(प्र०) प्रमादी । हां पुरुष भी न पढ़े तो अच्छी बात है क्योंकि पढ़े हुए मनुष्य चतुराई से दूसरों को धोखा देकर अपमान करके अपना मतलब सिद्ध कर लेते हैं ॥

(उ०) सज्जन । सुनो जी यह विद्या पढ़ने का दोष नहीं किन्तु आप जैसे मनुष्यों के सङ्ग का दोष है और जो पढ़ कर पढ़ाना धर्म्म और

ईश्वर की विद्या से विरुद्ध है सो तो प्रायः बुरे काम का कारण देखने में आता और जो पढ़ना पढाना उक्त विद्या से सहित है वह तो सब के सुख और उपकार ही के लिये होता है ॥

(प्र०) कन्याओं के पढ़ने में वैदिक प्रमाण कहां है ? ॥

(उ०) सुनो प्रमाण—

ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दते पतिम् ॥ अ० वे० कां० ११ । अ० ३ । मं० १८ ॥

अर्थ—जैसे लड़के लोग ब्रह्मचर्य करते हैं वैसे कन्या लोग ब्रह्मचर्य करके वर्णोच्चारण से लेकर वेदपर्यन्त शास्त्रों को पढ़ कर प्रसन्न कर के स्वेच्छा से पूर्ण युवाअवस्था वाले विद्वान् पति को वेदोक्त रीति से ग्रहण करें ॥ क्या अधर्मी से भिन्न कोई ऐसा भी मनुष्य होगा कि किसी पुरुष वा स्त्री को विद्या के पढ़ने से रोक कर मूर्ख रक्खा चाहे और वेदोक्त प्रमाण का अपमान करके अपना कल्याण किया चाहे ॥

(प्र०) विद्या को किस २ क्रम से प्राप्त हो सकता है ? ॥

(उ०) वर्णोच्चारण व्यवहार की शुद्धि पुरुषार्थ धार्मिक विद्वानों का सङ्ग विषयकथाप्रसङ्ग का त्याग सुविचार से व्याकरण आदि शब्द अर्थ और सम्बन्धों को यथावत् जान कर उत्तम क्रिया कर के सर्वथा साक्षात् करता जाय। जिस २ विद्या के लिये जो २ साधनरूप सत्य ग्रन्थ हैं उन को पढ़ कर वेदादि पढ़ने के योग्य ग्रन्थों के अर्थों को जानना आदि कर्म शीघ्र विद्वान् होने के साधन हैं ॥

(प्र०) विना पढ़े हुए मनुष्यों की क्या गति होगी ? ॥

(उ०) दो, एक अच्छी और दूसरी बुरी । अच्छी उस को कहते हैं कि जो मनुष्य विद्या पढ़ने का सामर्थ्य तो नहीं रक्खे और वह धर्माचरण किया चाहे तो विद्वानों के सङ्ग और अपने आत्मा की पवि-

चता से अविरुद्धता से धर्म्मात्मा अवश्य हो सकता है । क्योंकि सब मनुष्यों को विद्वान् होने का तो सम्भव ही नहीं परन्तु धार्मिक होने का सम्भव सब के लिये है कि जैसे अपने लिये सुख की प्राप्ति और दुःख के त्याग मान्य होने अपमान के न होने आदि की अभिलाषा करते हैं तो दूसरों के लिये क्यों न करनी चाहिये जब किसी को कोई चोरी वा किसी से झूठा जाल लगाता है तो क्या उस को अच्छा लगता और क्या जिस २ कर्म के करने में अपने आत्मा को शङ्का लज्जा और भय नहीं होता वह २ धर्म किसी को विदित नहीं होता । क्या जो कोई विरोध अर्थात् आत्मा में कुछ और वाणी में कुछ भिन्न और क्रिया में विलक्षणता करता है वह अधर्मी और जिस के जैसा आत्मा में वैसा वाणी और जैसा वाणी में वैसा ही क्रिया में आचरण है वह धर्मात्मा नहीं है । प्रमाण—

असुर्य्या नाम ते लोका अन्धेन तमसा वृताः ॥
ताँस्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः ॥ १ ॥
य० अ० ४० । मं० ३ ॥

अर्थ—(ये) जो (आत्महनः) आत्महत्यारे अर्थात् आत्मस्थज्ञान से विरुद्ध कहने मानने और करने हारे हैं (ते) वे ही (लोकाः) लोग (असुर्य्या नाम) असुर अर्थात् दैत्य राक्षस नाम वाले मनुष्य हैं और वे ही (अन्धेन तमसा वृताः) बड़े अधर्मरूप अन्धकार से युक्त हो के जीते हुए और मरण को प्राप्त हो कर (तान्) दुःखदायक देहादि पदार्थों को (अभिगच्छन्ति) सर्वथा प्राप्त होते हैं और जो आत्मरक्षक अर्थात् आत्मा के अनुकूल ही कहते मानते और आचरण करते हैं वे मनुष्य विद्यारूप शुद्धप्रकाश से युक्त हो कर देव अर्थात् विद्वान् नाम से प्रख्यात हैं वे ही सर्वदा सुख को प्राप्त हो कर मरने के पीछे भी आनन्दयुक्त देहादि पदार्थों को प्राप्त होते हैं ॥

(प्र०) विद्या और अविद्या किस को कहते हैं ?॥

(उ०) जिस से पदार्थ यथावत् जान कर न्याययुक्त कर्म किये जावें वह विद्या और जिस से किसी पदार्थ का यथावत् ज्ञान न हो कर अन्यायरूप कर्म किये जांय वह अविद्या कहाती है ॥

(प्र०) न्याय और अन्याय किस को कहते हैं ?॥

(उ०) जो पक्षपातरहित सत्याचरण करना है वह न्याय और जो पक्षपात से मिथ्याचरण करना है वह अन्याय कहाता है ॥

(प्र०) धर्म किस को कहते हैं ?॥

(उ०) जो न्यायाचरण सब के हित का करना आदि कर्म हैं उन को धर्म और जो अन्यायाचरण सब के अहित के काम करना हैं उन को अधर्म जानो ॥

महामूर्ख का लक्षण ॥

एक प्रियादास का चेला भगवान्दास अपने गुरु से बारह वर्ष पर्यन्त पढ़ा । एक दिन उन से पूछा कि महाराज मुझ को संस्कृत बोलना नहीं आया, गुरु बोले सुन बे पढ़ने पढ़ाने से विद्या नहीं आती किन्तु गुरु की कृपा से आजाती है जब गुरु सेवा से प्रसन्न होता है तब जैसे कुंजियों से ताला खोल कर मकान के सब पदार्थ झट देखने में आते हैं वे ऐसी युक्ति बतला देते हैं कि हृदय के कपाट खुल जा कर सब पदार्थविद्या तत्क्षण आजाती हैं। सुन संस्कृत बोलने की तो सहज युक्ति है (भगवान्दास) महाराज जी वह क्या है । (गुरु) संसार में जितने शब्द संस्कृत वा देशभाषा में हों उन पर एक २ विन्दु धरने से सब शुद्ध संस्कृत हो जाते हैं अच्छा तो महाराज जी लोटा, जल, रोटी, दाल, शाक आदि शब्दों पर विन्दु धर के कैसे संस्कृत हो जाते हैं । देखो ! लोंटां । जंलं । रोंटीं । दांलं । शांकं । चेला बोला वाह २ गुरु के बिना क्षणमात्र में

पूरी विद्या कौन बतला सकता है । भगवान्दास ने अपने आसन पर जा कर बिचार के यह श्लोक बनाया—

बांपं भांजां नंमं स्कंत्यं पंरं पांजं तंथैवं चं ।
मंयां भंगंवांन्दांसेंनं गींतां टींकां कंरोंम्यंहंम् ॥ १ ॥

जब उस ने प्रातःकाल उठ कर हर्षित हो के गुरु के पास जा कर श्लोक सुनाया तब तो प्रियदास जी भी बहुत प्रसन्न हुए कि जो चेले हों तो तेरे ही समान गुरु के बचन पर विश्वासी और गुरु हो तो मेरे सदृश हो । ऐसे मनुष्यों का क्या औषध है बिना अलग रहने के ॥

(प्र०) विद्या पढ़ते समय वा पढ़ के किसी दूसरे को पढ़ावें वा नहीं ? ॥

(उ०) बराबर पढ़ाता जाय । क्योंकि पढ़ने से पढ़ाने में विद्या की वृद्धि अधिक होती है । पढ़ के आप अकेला विद्वान् रहता और पढ़ाने से दूसरा भी हो जाता है । उत्तरोत्तर काल में विद्या की वृद्धि होती ही है जो विद्या को प्राप्त होता है वह मनुष्य परोपकारी धार्मिक अवश्य होता है । क्योंकि जैसे अंधा कुए में गिर पड़ता है वैसे देखने हारा कभी नहीं गिरता और अविद्या की हानि होने आदि प्रयोजन पढ़ाने से ही सिद्ध होते हैं ॥

(प्र०) क्षुद्रबुद्धिरुवाच । सभी विद्वान् हो जावेंगे तो हम को कौन पूछेंगे और आप ही आप सब पुस्तकों को बांच कर अर्थ समझ लेंगे पूजापाट में भी न बुलावेंगे। विशेष विघ्न धनाढ्य और राजाओं के पढ़ाने में है क्योंकि उन से हम लोगों की बड़ी जिविका होती है । जब किसी शूद्र ने उन के पास पढ़ने की इच्छा से जाके कहा कि मुझ को आप कुछ पढ़ाइये तो (अल्पबुद्धि) तू कौन है क्या काम करता और तेरे घर में क्या व्यवहार होता है ? ॥

(उ०) मैं तो महाराज आप का दास शूद्र हूं कुछ जिमीदारी खेतीबाड़ी भी होती और घर में कुछ लेन देन का भी व्यवहार है ।

(नष्टमति) छी छी छी तुझ को सुनने और हम को सुनाने का भी अधिकार नहीं है जो तू अपना धर्म्म छोड़ कर हमारा धर्म्म करेगा तो क्या नरक में न पड़ेगा ?। हां तुझ को वेदों से भिन्न ग्रन्थों की कथा सुनाने का तो अधिकार है जब तेरी सुनने की इच्छा हो तब हम को बुला लेना सुना देंगे परन्तु आप से आप मत बांच लेना नहीं तो अधर्मी हो जावेगा जो कुछ भेट पूजा लाया हो सो धर के चला जा । और सुन हमारे बचन को मान ले नहीं तो तेरी मुक्ति कभी नहीं होगी खूब कमा और हमारी सेवा किया कर इसी में तेरा कल्याण और तुझ पर ईश्वर प्रसन्न होगा । (दास) महाराज मुझ को तो पढ़ने की बहुत इच्छा है, क्या विद्या पढ़ना बुरी चीज है कि दोष लगजाय । (वक्रवृत्ति) बस २ तुझ को किसी ने बहका दिया है जो हमारे साम्हने उत्तर प्रत्युत्तर करता है । हाय ! क्या करें कलियुग आ गया विद्या को पढ़ कर हमारा उपदेश नहीं मानते बिगड़ गये । (दास) क्या महाराज हमारे ही ऊपर कलियुग ने चढ़ाई करदी कि जो हम ही को पढ़ने और मुक्ति से रोकता है । (स्वार्थी) हां २ जो सतयुग होता तो तू हमारे सामने ऐसा बर २ कर सकता ?। (दास) अच्छा तो महाराज आप जो नहीं पढ़ाते तो हम को जो कोई पढ़ावेगा उस के चेले हो जावेंगे । (अंधकारी) सुन २ कलियुग में और क्या होना है ।(दास)आप की हम सेवा करें उस के बदले आप हम को क्या देंगे । (मार्जारलिङ्गी) आशीर्वाद (दास) उस आशीर्वाद से क्या होगा (धूर्त) तुम्हारा कल्याण । (दास) जब आप हमारा कल्याण चाहते हैं तो क्या विद्या के पढ़ने से अकल्याण होता है (पोपउवाच) अब क्या तू हम से शास्त्रार्थ करता है ? ॥

(प्र०) पोप का क्या अर्थ है ? ॥

(उ०) यह शब्द अन्य देश की भाषा का है वहां तो इस का अर्थ पिता और बड़े का है परन्तु यहां जो केवल धूर्त्तता कर के अपना मतलब सिद्ध करने हारा हो उसी का नाम है ॥

(प्र०) जो विद्या पढ़ा हो और उस में धार्मिकता न हो तो उस को विद्या का फल होगा वा नहीं ? ॥

(उ०) कभी नहीं क्योंकि विद्या का यही फल है कि जो मनुष्य को धार्म्मिक होना अवश्य है जिस ने विद्या के प्रकाश से अच्छा जान कर न किया और बुरा जान कर न छोड़ा तो क्या वह चोर के समान नहीं है क्योंकि जैसे चोर भी चोरी को बुरी जानता हुआ करता और साहूकारी को अच्छी जान के भी नहीं करता वैसा ही जो पढ़ के भी अधर्म्म को नहीं छोड़ता और धर्म को नहीं करने हारा मनुष्य है ॥

(प्र०) जब कोई मनुष्य मन से बुरा जानता है परन्तु किसी विशेष भय आदि निमित्तों से नहीं छोड़ सकता और अच्छे काम को नहीं कर सकता तब भी क्या उस को दोष वा गुण होता है अथवा नहीं ॥

(उ०) दोष ही होता क्योंकि जो उस ने अधर्म कर लिया उस का फल अवश्य होगा और जान कर भी धर्म्म को न किया उस को सुखरूप फल कुछ भी नहीं होगा जैसे कोई मनुष्य कुए में गिरना बुरा जान के भी गिरे क्या उस को दुःख न होगा और अच्छे मार्ग में चलना जान कर भी न चले उस को सुख कभी होगा ? । इसलिये—

यथा मतिस्तथोक्तिर्यथोक्तिस्तथामातिः ।
सत्पुरुषस्य लक्षणमतो विपरीतमसत्पुरुषस्येति ॥

वही सत्पुरुष का लक्षण है कि जैसा आत्मा का ज्ञान वैसा वचन और जैसा वचन वैसा ही कर्म्म करना और जिस का आत्मा से मन उस से बचन और बचन से विरुद्ध कर्म करना है वही असत्पुरुष का

लक्षण है। इसलिये मनुष्यों को उचित है कि सब प्रकार का पुरुषार्थ करके अवश्य धार्मिक हों ॥

(प्र०) पुरुषार्थ किस को कहते और उस के कितने भेद हैं ? ॥

(उ०) उद्योग का नाम पुरुषार्थ और उस के चार भेद हैं। एक अप्राप्त की इच्छा। दूसरा—प्राप्त की यथावत् रक्षा। तीसरा—रक्षित की वृद्धि और चौथा—बढ़ाये हुए पदार्थों का धर्म में खर्च करना पुरुषार्थ के भेद हैं ॥ जो २ न्याय धर्म्म से युक्त क्रिया से अप्राप्त पदार्थों की अभिलाषा करके उद्योग करना। उसी प्रकार उस की सब ओर से रक्षा करनी कि वह पदार्थ किसी प्रकार से नष्ट भ्रष्ट न हो जाय। उस को धर्म्मयुक्त व्यवहार से बढ़ाते जाना और बढ़े हुए पदार्थ को उत्तम व्यवहारों में खर्च करना ये चार भेद हैं ॥

(प्र०) किस २ प्रकार से किस २ व्यवहार में तन, मन, धन लगाना चाहिये ? ॥

(उ०) निम्नलिखित चारों में—विद्या की वृद्धि परोपकार, अनाथों का पालन और अपने सम्बन्धियों की रक्षा। विद्या के लिये शरीर का आरोग्य और उस से यथायोग्य क्रिया करनी, मन से अत्यन्त विचार करना कराना और धन से अपने सन्तान और अन्य मनुष्यों को विद्यादान करना कराना चाहिये। परोपकार के लिये शरीर और मन से अत्यन्त उद्योग और धन से नाना प्रकार के व्यवहार तथा कारखाने खड़े करने कि जिन में अनेक मनुष्य कर्म्म करके अपना २ जीवन सुख से किया करें। अनाथ उन को कहते हैं कि जिन का सामर्थ्य अपने पालन करने का भी न हो जैसे कि बालक, वृद्ध, रोगी, अङ्गभङ्ग आदि हैं उन को भी तन, मन धन लगा कर सुखी रख के जिस २ से जो २ काम बन सके उस २ से वह २ कार्य्य सिद्ध कराना चाहिये कि जिस से कोई आलसी हो के नष्टबुद्धि न हो और अपने सन्तान आदि मनुष्यों के

खान पान अथवा विद्या की प्राप्ति के लिये जितना तन, मन, धन, लगाया जाय उतना थोड़ा है। परन्तु किसी को निकम्मा कभी न रहना और न रखना चाहिये॥

(प्र०) विवाह कर के स्त्री पुरुष आपस में कैसे २ वर्त्तें ?॥

(उ०) कभी कोई किसी का अप्रियाचरण अर्थात् जिस २ व्यवहार से एक दूसरे को कष्ट होवे सो काम न करें जैसे कि व्यभिचार आदि। एक दूसरे को देख कर प्रसन्न हों एक दूसरे की सेवा करें। पुरुष भोजन वस्त्र आभूषण और प्रियवचन आदि व्यवहारों से स्त्री को सदा प्रसन्न रक्खें और घर के सब कृत्य उस के आधीन करें। स्त्री भी अपने पति से प्रसन्नवदन खान पान प्रेमभाव आदि से उस को सदा हर्षित रक्खें कि जिस से उत्तम सन्तान हो और सदा दोनों में आनन्द बढ़ता जाय॥

(प्र०) ऐसा न करें तो क्या बिगाड़ है ?॥

(उ०) सर्वस्वनाश। क्योंकि परस्पर प्रीति के बिना न गृहाश्रम का किञ्चित् सुख न उत्तम सन्तान और न प्रतिष्ठा वा लक्ष्मी आदि श्रेष्ठ पदार्थों की प्राप्ति कभी होती है। सुनो मनुजी क्या कहते हैं॥

सन्तुष्टो भार्य्यया भर्त्ता भर्त्रा भार्या तथैव च॥
यस्मिन्नेव कुले नित्यं कल्याणं तत्र वै ध्रुवम्॥ १॥ अ० ३॥

जिस कुल में स्त्री से पुरुष और पुरुष से स्त्री आनन्दित रहती है उसी में निश्चित कल्याण स्थित रहता है परन्तु यह बात कब होगी कि जब ब्रह्मचर्य्य से विद्या शिक्षा ग्रहण करके युवावस्था में परस्पर परीक्षा करके प्रसन्नतापूर्वक स्वयंवर ही विवाह करें क्योंकि—जितनी सुख की हानि विद्या उत्तम प्रजा और बाल्यावस्था में विवाह से होती है उतना ही सुखलाभ ब्रह्मचर्य्य से शरीर और आत्मा की पूर्ण युवावस्था में परस्पर प्रीति से विवाह करने से होता है जो मनुष्य परस्पर प्रीति से स्वयंवर वि-

वाह करके सन्तानों को उत्पन्न करते हैं उन के सन्तान भी ऐसे योग्य होते हैं कि लाखों में एक ही होते हैं कि जिन में बुद्धि बल पराक्रम धर्म और सुशीलतादि शुभ गुण पूर्ण हो के महाभाग्यशाली कहा कर अपने कुल को अतिप्रशंसित कर देते हैं ॥

(प्र०) मनुष्यपन किस को कहते हैं? ॥

(उ०) इस मनुष्यजाति में एक ऐसा गुण है कि वैसा किसी दूसरी जाति में नहीं पाया जाता ॥

(प्र०) वह कौनसा है ? ॥

(उ०) जितने मनुष्य से भिन्न जातिस्थ प्राणी हैं उन में दो प्रकार का स्वभाव है । बलवान् से डरना निर्बल को डराना और पीड़ा देकर अर्थात् दूसरे का प्राण तक निकाल के अपना मतलब साध लेना देखने में आता है जो मनुष्य ऐसा ही स्वभाव रखता है उस को भी इन्हीं जातियों में गिनना उचित है परन्तु जो निर्बलों पर दया उन का उपकार और निर्बलों को पीड़ा देने वाले अधर्मी बलवानों से किञ्चिन्मात्र भी भय शंका न करके इन को परपीड़ा से हटा के निर्बलों की रक्षा तन मन और धन से सदा करना है वही मनुष्य जाति का निज गुण है क्योंकि जो बुरे कामों के करने में भय और सत्य कामों के करने में किञ्चित् भी भय शंका नहीं करते वे ही मनुष्य धन्यवाद के पात्र कहाते हैं ॥

(प्र०) क्यों जी ! सर्वथा सत्य से तो कोई व्यवहार सिद्ध नहीं हो सकता, देखो ! व्यापार में सत्य बात कह दें तो किसी पदार्थ का विक्रय न हो, हार जीत के व्यवहारों में मिथ्या साक्षी न खड़े करें तो हार हो जाय, इत्यादि हेतुओं से सब ठिकानों में सत्यभाषणादि कैसे कर सकते हैं ? । (उ०) यह बात महामूर्खता की है जैसे किसी ग्राम में लाल बुझक्कड़ रहता था कि जिस को पांच सौ ग्राम वाले महापण्डित

और एक गुरु मानते थे। एक रात में किसी राजा का हाथी उसी ग्राम के समीप हो कर कहीं स्थानान्तर को चला गया था उस के पग के चिन्ह जहां तहां मार्ग में बन रहे थे उन को देख के खेती करने हारे ग्रामीण लोगों ने परस्पर पूछा कि भाई यह किस का खोज है? सब ने कहा कि हम नहीं जानते, फिर सब की सम्मति से लालबुझक्कड़ को बुला के पूछा कि तुम्हारे विना कोई भी मनुष्य इस का समाधान नहीं कर सकता, कहो यह किस के पग का चिन्ह है. जब वह रोया और रो कर हंसा तब सब ने पूछा कि तुम क्यों रोये और हंसे? तब वह बोला कि जब मैं मर जाऊंगा तब ऐसी २ बातों का उत्तर विना मेरे कौन देसकेगा और हंसा इसलिये कि इस का उत्तर तो सहज है सुनो! लालबुझक्कड़ बूझिया और न बूझा कोय। पग में चक्की बांध के हिरना कूदा होय॥ जो जंगल में हिरन होता है वह किसी जंगली मनुष्य की चक्की के पाटों को अपने पगों में बांध के कूदता चला गया है, तब सुन कर सब लोगों ने वाह २ बोल कर उस को धन्यवाद दिया कि तुम्हारे सदृश पृथिवी में कोई भी पण्डित नहीं है कि ऐसी २ बातों का उत्तर दे सके। जब वह लालबुझक्कड़ ग्राम की ओर आता ही था इतने में एक ग्रामीण की स्त्री जंगल से बेर ला के जो अपना लड़का छप्पर के खम्भे को पकड़ के खड़ा था उस को कहा कि बेटा बेर ले तब उस ने हाथों की अंजली बांध के बेरों को ले लिया परन्तु जब छप्पर की थूनी हाथों के बीच में रहने से उस का मुख बेरतक न पहुंचा तब लड़का रोने लगा उस को रोते देख कर उस की मा और बाप भी रोने लगे कि हाय मेरे लड़के को खम्भे ने पकड़ लिया रे ३! तब उस को सुन के अड़ोसी पड़ोसी भी रोने लगे कि हाय रे दैया इस के लड़के को खम्भे ने कैसा पकड़ लिया है कि छोड़ता ही नहीं। तब किसी ने कहा कि लालबुझक्कड़ को बुलाओ उस के विना कोई भी लड़के को

नहीं छुड़ा सकेगा । तब एक मनुष्य उस को शीघ्र बुला लाया फिर उस को पूछा कि यह लड़का कैसे छूट सकता है । तब वह बोला कि सुनो लोगो दो प्रकार से यह लड़का छूट सकता है एक तो यह है कि कुहाड़ा लाके लड़के का एक हाथ काट डालो अभी छूट जाय और दूसरा उपाय यह है कि प्रथम छप्पर को उठा के नीचे धरो फिर लड़के को थूनी के ऊपर से उतार ले आओ तब लड़के का बाप बोला कि हम दरिद्र मनुष्य हैं हमारा छप्पर टूट जायगा तो फिर छाना कठिन है तब लालबुझक्कड़ बोला कि लाओ कुहाड़ा फिर क्या देख रहे हो कुहाड़ा लाके जब तक हाथ काटने को तैयार हुए तब तक दूसरे ग्राम से एक कुछ बुद्धिमती स्त्री भी हल्ला सुन कर वहां पहुंच कर देख के बोली कि इस का हाथ मत काटो मैं इस लड़के को छुडा देती हूं जब वह खम्भे के पास जाके लड़के की अंजली के नीचे अपनी अंजली करके बोली कि बेटा मेरे हाथ में बेर छोड़ दे तब वह बेर छोड़ के अलग होगया फिर उस को बेर देदिये खाने लगा । तब तो बहुत क्रुद्ध हो कर लालबुभक्कड़ बोला कि यह लड़का छः महीने के बीच मर जायगा क्योंकि जैसा मैंने कहा था वैसा ही करते तो न मरता तब तो उस के मा बाप घबरा के बोले कि अब क्या करना चाहिये तब उस स्त्री ने समझाया कि यह बात झूठ है और जो हाथ के काटने से तो अभी यह मर जाता तो तुम क्या करते । मरण से बचने का कोई औषध नहीं । तब उन का घबराहट छूट गया । वैसे जो मनुष्य महामूर्ख हैं वे ऐसा समझते हैं कि सत्य से व्यवहार का नाश और झूठ से ही व्यवहार की सिद्धि होती है परन्तु जब किसी को कोई एक व्यवहार में झूठ समझ ले तो उस की प्रतिष्ठा और विश्वास सब नष्ट हो कर उस के सब व्यवहार नष्ट होते जाते और जो सब व्यवहारों में झूठ को छोड़ कर सत्य ही कहते हैं उन को लाभ ही लाभ होते हैं हानि कभी नहीं । क्योंकि

सत्य व्यवहार करने का नाम धर्म और विपरीत का अधर्म है क्या धर्म का सुखलाभरूपी और अधर्म का दुःखरूपी फल नहीं होता ? प्रमाण—

इदमहमनृतात्सत्यमुपैमि ॥ यजुः ॥ अ० १ मं० ५ । सत्यमेव जयति नाऽनृतं सत्येन पन्था विततो देवयानः । येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा यत्र तत्सत्यस्य परमं निधानम् ॥ मुण्ड० ३ खं० १ मं० ६ । न सत्यात्परमो धर्मो नाऽनृतात्पातकं परम् ३ । इत्यादि ।

अर्थ—मनुष्य में मनुष्यपन यही है कि सर्वथा झूठ व्यवहारों को छोड़ कर सत्य व्यवहारों का ग्रहण सदा करें ॥ १ ॥ क्योंकि सर्वदा सत्य ही का विजय और झूठ का पराजय होता है इसलिये जिस सत्य से चल के धार्मिक ऋषि लोग जहां सत्य की निधि परमात्मा है उस को प्राप्त होकर आनन्दित हुए थे और अब भी होते हैं उस का सेवन मनुष्य लोग क्यों न करें । यह निश्चित है कि न सत्य से परे कोई धर्म और न असत्य से परे कोई अधर्म है । इस से धन्य मनुष्य वे हैं जो सब व्यवहारों को सत्य ही से करते और झूठ से युक्त कर्म किञ्चिन्मात्र भी नहीं करते हैं । दृष्टान्त—एक किसी अधर्मी मनुष्य ने किसी अधर्मी बजाज़ की दुकान पर जाकर कहा कि यह वस्त्र कितने आने गज देगा वह बोला कि सोलह आने, तुम भी कुछ कहो । बजाज और ग्राहक दोनों जानते ही थे कि यह दश आने गज का कपड़ा है परन्तु अधर्मी झूठ बोलने में कभी नहीं डरते । (ग्राहक) छः आने गज दो और सच २ लेने देने की बात करो । (बजाज)— अच्छा तो तुम को दो आने छोड़ देते हैं चौदह आने दो । (ग्राहक) है तो टोटा परन्तु सात आने लेलो । (बजाज)—अच्छा तो सच २ कहूं । ग्राहक—हां । बजाज— चलो एक आना टोटा ही सही तेरह आने दो तुमको लेना हो तो लो । ग्राहक— मैं सत्य २ कहता हूं कि इस का आठ आने से अधिक कोई भी तुम

को न देगा । (बजाज)—तुम को लेना हो तो लो न लेना हो मत लो पर-मेश्वर की सौगन्द बारह आने गज तो मुझ को पड़ा है तुम को भला मनुष्य जान कर मैं दे देता हूं । ग्राहक—धर्म की सौगन्द मैं सच कहता हूं तुझ को देना हो तो दे पीछे पछतावेगा मैं तो दूसरे की दुकान से लेलूंगा, क्या तुम्हारी एक ही दुकान है ? । नव आनेगज दे दो नहीं तो मैं जाता हूं । (बजाज)—तुमने ऐसा कभी खरीदा भी है नव आने गज लाओ में सौ रुपये का लेता हूं । ग्राहक—धीरे २ चला कि मुझ को यह बुलाता है वा नहीं । (बजाज)—तिरछी नजर से देखता रहा कि देखें यह लौटता है वा नहीं जब न लौटा तब बोला सुनो इधर आओ । (ग्राहक)—क्या कहते हो नव आने पर दोगे । (बजाज)—ए लो धर्मसे कहता हूं कि ग्यारह आने भी दोगे । (ग्राहक)—साढ़े नव आने लो कह कर कुछ आगे चला बजाज ने समझा कि हाथ से गया, अजी इधर आओ २। (ग्राहक)—क्यों तुम देर लगाते हो व्यर्थ काल जाता है। (बजाज)-मेरे बेटे की सौगन्द तुम इस को न लोगे तो पछताओगे अब मैं सत्य ही कहता हूं साढ़े दश आने देदो नहीं तो तुम्हारी राजी । (ग्राहक)—मेरी सौगन्द तुमने दो आने अधिक लिये हैं अच्छा दश आने देता हूं इतने का तो नहीं । (बजाज)—अच्छा सवादश आने भी दोगे । (ग्राहक) नहीं २ । (बजाज)—अच्छा आओ बैठो, के गज लोगे । (ग्राहक)—सवागज (बजाज)—अजी कुछ अधिक लो । (ग्राहक)—अच्छा नमूना ले जाते हैं । अब तुम्हारी दुकान देख ली फिर कभी आवेंगे तो बहुत लेंगे । बजाज ने नापने में कुछ सरकाया । (ग्राहक)—अजी देखें तो तुमने कैसा नापा । (बजाज)—क्या विश्वास नहीं करते हो हम साहूकार हैं व ठट्टा हैं हम कभी झूठ कहते और करते हैं । (ग्राहक)—हां जो तुम बड़े सच्चे हो । एक रुपैया कह कर दश आने तक आये छः आना घट गये अनेक सौगन्दें खाईं । (बजाज)—वाह जी वाह तुम भी बड़े सच्चे हो

छः आने कहकर दश आने तक देने को तैयार हो अनेक सौगन्दें खा २ कर आये, सौदा झूठ के विना कभी नहीं हो सकता। (ग्राहक)—तू तो बड़ा झूठा है। (बजाज)—क्या तू नहीं है क्योंकि एक गज कपड़े के लिये कोई भी भला मनुष्य इतना झगड़ा करता है। (ग्राहक)—तू झूठा तेरा बाप, हमारी सात पीढ़ी में कोई झूठा भी हुआ है?। (बजाज)—तू झूठा तेरी सात पीढ़ी भी झूठी। ग्राहक ने ले जूता एक मार दिया, बजाज ने गज चट मारा। आड़ोसी पाड़ोसी दुकानदारों ने जैसे तैसे छुड़ाया। (बजाज)—चल २ जा तेरे जैसे लाखों देखे हैं। (ग्राहक)—चलबे तेरे जैसे जुवाचोर टटपुंजिये दुकानदार मैंने करोड़ों देखे हैं। आड़ोसी पाड़ोसी—अजी झूठ के विना कभी सौदा भी होता है? जाओ जी तुम अपनी दुकान पर बैठो और जाओ तुम अपने घर को। (बजाज)—यह बड़ा दुष्ट मनुष्य है। ग्राहक—अबे मुख सम्हाल के बोल। बजाज—तू क्या कर लेगा। ग्राहक—जो मैंने किया सो तैं ने देख लिया और कुछ देखना हो तो दिखलाऊं। (बजाज)—क्या तू गज से न पीटा जायगा, फिर दोनों लड़ने को दौड़े जैसे तैसे लोगों ने अलग २ कर दिये। ऐसे ही सर्वत्र झूठे लोगों की दुर्दशा होती है॥ धार्म्मिकों का दृष्टान्त—(ग्राहक)—इस दुसाले का क्या मूल्य है। बजाज—पांचसौ रुपये। (ग्राहक)—अच्छा लीजिये। (बजाज) लो दुसाला॥ सच्चे दुकान वाले के पास कोई झूठा ग्राहक गया, इस दुसाले का क्या लोगे। (बजाज)—अढ़ाई सौ रुपये (ग्राहक)—दो सौ लो। (सेठ)—जाओ यहां तुम्हारे लिये सौदा नहीं है। (ग्राहक)—अजी कुछ तो कम लो, (साहूकार)—यहां झूठ का व्यवहार नहीं है बहुत मत बोलो लेना हो तो लो नहीं चले जाओ। (ग्राहक)—दूसरी बहुत दुकानों में माल देख मूल्य करके फिर वहीं आ के अढ़ाई सौ रुपये दे कर दुसाला ले गया॥ सच्चा ग्राहक झूठे दुकानदार के पास जा कर बोला कि इस पीताम्बर का क्या लोगे।

(बजाज)—पच्चीस रुपये । (ग्राहक)—बारह रुपये का है देना हो तो दो, कह कर चलने लगा (बजाज)—अजी अठारह दो (ग्राहक)—नहीं । (बजाज)—चौदह दो । (ग्राहक)—नहीं । (बजाज)—तेरह दो । (ग्राहक)—नहीं,(बजाज)—अच्छा तो साढ़ेबारह ही दो ।(ग्राहक)—नहीं । (बजाज)—सवाबारह दो । (ग्राहक)—नहीं (बजाज)—अच्छा बारह का ही ले जाओ । (ग्राहक)—लाओ लो रुपये । ऐसे धार्म्मिकों के सदा लाभ ही लाभ होता है और झूठों की दुर्दशा हो कर दिवाले ही निकल जाते हैं । इसलिये सब मनुष्यों को अत्यन्त उचित है कि सर्वथा झूठ को छोड़ कर सत्य ही से सब व्यवहार करें । जिस से धर्म्म अर्थ काम और मोक्ष को प्राप्त हो कर सदा आनन्द में रहें ॥

(प्र०) मनुष्य का आत्मा सदा धर्म्म और अधर्म्मयुक्त किस २ कर्म्म से होता है ? ॥

(उ०) जब तक मनुष्य सर्वान्तर्य्यामी सर्वद्रष्टा, सर्वव्यापक सर्व कर्मों के साक्षी परमात्मा से नहीं डरते अर्थात् कोई कर्म्म ऐसा नहीं है जिस को वह न जानता हो । सत्यविद्या सुशिक्षा सत्पुरुषों का संग, उद्योग जितेन्द्रियता, ब्रह्मचर्य्य आदि शुभ गुणों के होने और लाभ के अनुसार व्यय करने से धर्म्मात्मा होता है और जो इस से विपरीत है वह धर्म्मात्मा कभी नहीं हो सकता । क्योंकि जो राजा आदि अल्पज्ञ मनुष्यों से डरता और परमेश्वर से भय नहीं करता वह क्योंकर धर्म्मात्मा हो सकता है क्योंकि राजा आदि के सामने बाहर की अधर्म्मयुक्त चेष्टा करने में तो भय होता है परन्तु आत्मा और मन में बुरी चेष्टा करने में कुछ भी भय नहीं होता क्योंकि ये भीतर का कर्म नहीं जान सकते । इससे आत्मा और मन का नियम करने हारा राजा एक आत्मा और दूसरा परमेश्वर ही है मनुष्य नहीं और वे जहां एकान्त में राजादि मनुष्यों को नहीं

देखते वहां ते बाहर से भी चोरी आदि दुष्ट कर्म करने में कुछ भी शंका नहीं करते । दृष्टान्त—जैसे एक धार्म्मिक विद्वान् के पास पढ़ने के लिये दो नवीन विद्यार्थियों ने आ के कहा कि आप हम को पढ़ाइये (विद्वान्) अच्छा हम तुम को पढ़ावेंगे परन्तु हम कहें सो एक काम तुम दोनों जने कर लाओ । इस एक २ लड़के को एकान्त में ले जा के जहां कोई भी न देखता हो वहां इस का कान पकड़ कर दो चार बार शीघ्र २ उठा बैठा के धीरे से एक चपेटिका मार देना । दोनों को ले के चले एक ने तो चारों ओर देखा कि यहां कोई नहीं देखता उक्त काम करके झट चला आया, दूसरा पंडित के वचन के अभिप्राय को विचारने लगा कि मुझ को लड़का और मैं लड़के को भी देखता ही हूं फिर वह काम कैसे कर सकता हूं पंडित के पास आया तब जो आया था उस से पंडित ने पूछा कि जो हम ने कहा था सो तू कर आया उसने कहा हां दूसरे को पूछा कि तू भी कर आया वा नहीं उसने कहा नहीं क्योंकि आपने मुझ को ऐसा कहा था कि जहां कोई न देखता हो वहां यह काम करना सो ऐसा स्थान मुझ को कहीं भी नहीं मिल सकता प्रथम तो मैं इस लड़के को और लड़का मुझ को देखता ही था, पण्डित ने कहा कि तू बुद्धिमान् और धार्मिक है मुझ से पढ़ । दूसरे से कहा कि तू पढ़ने के योग्य नहीं है यहां से चला जा, वैसे ही क्या कोई भी स्थान वा कर्म है कि जिस को आत्मा और परमात्मा न देखता हो जो मनुष्य इस प्रकार आत्मा और परमात्मा की साक्षी से अनुकूल कर्म करते हैं वेही धर्मात्मा कहाते हैं ॥

(प्र०) सब मनुष्यों को विद्वान् वा धर्मात्मा होने का संभव है वा नहीं?॥

(उ०) विद्वान् होने का तो सम्भव नहीं परन्तु जो धर्मात्मा हुआ चाहें तो सभी हो सकते हैं अविद्वान् लोग दूसरों को धर्म में निश्चय नहीं

करा सकते और विद्वान् लोग धार्मिक हो कर अनेक मनुष्यों को भी धार्मिक कर सकते हैं और कोई धूर्त मनुष्य अविद्वान् को बहका के अधर्म में प्रवृत्त कर सकता है परन्तु विद्वान् को अधर्म में कभी नहीं चला सकता, क्योंकि जैसे देखता हुआ मनुष्य कुए में कभी नहीं गिरता परन्तु अंधे को तो गिरने का सम्भव है। वैसे विद्वान् सत्यासत्य को जान के उस में निश्चित रह सकते और अविद्वान् ठीक २ स्थिर नहीं रह सकते हैं ॥

दृष्टांत। जैसे एक कोई अविद्वान् राजा था उस के राज्य में किसी ग्राम में कोई मूर्ख भिक्षुक ब्राह्मण था उस की स्त्री ने कहा कि आज कल भोजन भी नहीं मिलता बहुत कष्ट है तुम पहिले दानाध्यक्ष के पास जाना वह राजा के पास ले जाके कुछ जप अनुष्ठान लगवा देगा। उस ने वैसा ही किया जब उस ने दानाध्यक्ष के पास जा के अपना हाल कहा कि आप मेरी कुछ जीविका करा दीजिये। (दानाध्यक्ष) मुझ को क्या देगा। (अर्थी) जो तुम कहो। (दानाध्यक्ष) अर्द्धं मर्द्धं स्वाहा। महाराज मैं नहीं समझा तुमने क्या कहा। (दानाध्यक्ष)—जो तू आधा हम को दे और आधा तू ले तो तेरी जीविका लगादें। (स्वार्थी)—जैसे तुम्हारी इच्छा हो वैसा करो। अच्छा चल राजा के पास—(स्वार्थी) चलो, खुशामदियों से सभा भरी थी वहां दोनों पहुंचे दानाध्यक्ष ने कहा कि यह गोब्राह्मण है इस की कुछ जीविका कर दीजिये यह आप का जप, अनुष्ठान किया करेगा। (राजा) अच्छा जो आप कहें (दानाध्यक्ष)—दश रुपये मासिक होने चाहिये। (राजा) बहुत अच्छा। (दानाध्यक्ष) छः महीने का प्रथम मिलना चाहिये, (राजा)—अच्छा कोशाध्यक्ष? इस को छः महीने का जोड़ कर दे दो (कोशाध्यक्ष) जो आज्ञा। जब स्वार्थी रुपये लेने को गया तब कोशाध्यक्ष बोले मुझ को क्या देगा। (स्वार्थी) आप भी एक दो ले लीजिये। कोशाध्यक्ष छः २ दश से कम हम नहीं लेंगे नहीं तो आज रुपये न मिलें गे फिर आना जब तक दानाध्यक्ष ने एक नौकर भेज दिया कि उस को हमारे पास ले

आओ तब तक कोशाध्यक्ष जी ने भी दश रुपैये उड़ा लिये पचास रुपये ले के चला मार्ग में। (नौकर) कुछ मुझ को भी दे। (स्वार्थी)—अच्छा भाई तू भी एक रुपैया ले ले। (नौकर)—जाओ। जब दरवाजे पर आया तब सिपाहियों ने रोका, कौन! तुम क्या ले जाते हो। (नौकर)—मैं दानाध्यक्ष का नौकर हूं (सिपाही) यह कौन है। (नौकर) जपानुष्ठानी। (सिपाही)—कुछ मिला। (नौकर)—यही जाने। कहो भाई क्या मिला (स्वार्थी) जितना तुम लोगों से बच कर घर पहुंचे सो ही मिला। (सिपाही) हम को भी कुछ देता जा। (स्वार्थी) लो ॥) (आठ आने) सिपाही। लाओ जब तक दानाध्यक्ष घबराया कि वह भाग तो नहीं गया। दूसरे नौकर से बोले कि देखो वह कहां गया तब तक वे स्वार्थी आदि आ पहुंचे। (दानाध्यक्ष)—लाओ। रुपैये कहां हैं। (स्वार्थी)—ये हैं अड़तालीस. (दानाध्यक्ष) वाह वाह बारह रुपैये कहां गये। स्वार्थी ने जैसा हुआ था वैसा कह दिया। (दानाध्यक्ष) अच्छा तो चार मेरे गये और आठ तेरे। (स्वार्थी) अच्छा जैसी आप की इच्छा हो, तब छब्बीस लिये दानाध्यक्ष ने। और बाईस स्वार्थी ने ले के कहा कि मैं घर हो आऊं कल आ जाऊं गा। वह दूसरे दिन आया उस से दानाध्यक्ष ने कहा कि तू गंगा जी पर जा कर राजा का जप कर और ले यह धोती, अंगोछा, पंचपात्र, माला, और गोमुखी। वह ले के गङ्गा पर गया, वहां स्नान कर माला ले के जप करने बैठा विचारा कि जो दानाध्यक्ष ने कहा था वही मंत्र है ऐसा वह मूर्ख समझ गया। "सरप माला खटक मणका मैं राजा का जपकरूं मैं राजा का जपकरूं मैं राजा का जपकरूं, जपने लगा, तब किसी दूसरे मूर्ख ने विचारा कि जब उस का लग गया है तो मेरा भी लग जायगा चलो वह गया। वैसा ही हुआ। चलते समय दानाध्यक्ष बोले कि तू जा जैसा वह करता है वैसा करना वह गया वैसे ही आसन पर बैठ कर पढ़ने वाले का मन्त्र सुन कर जपने लगा कि तूं करे सो मैं करूं

तूं करे सो मैं करूं" वैसे ही तीसरा कोई धूर्त जा के सब कुछ कर करा लाया । चलते समय दानाध्यक्ष ने कहा कि जबतक निर्वाह होता दीखे तब तक करना। वह भी इसी अभिप्राय को मन्त्र समझ के वहां जाकर जप करने को बैठ के जपने लगा कि 'ऐसा निभेगा कब तक ऐसा निभेगा कब तक २" वैसे ही चौथा कोई मूर्ख सब प्रबन्ध कर करा के गङ्गा पर जाने लगा तब दानाध्यक्ष ने कहा कि जब तक निभे तब तक निर्वाह करना वह भी इस को मन्त्र ही समझ के गङ्गा पर जाके जप करने को बैठ के उन तीनों का मन्त्र सुना तो एक कहता है—"मैं राजा का जप करूं मैं राजा का जप करूं मैं राजा का जप करूं" । दूसरा "तूं करे सो मैं करूं तूं करे सो मैं करूं' । तीसरा 'ऐसा निभेगा कब तक ऐसा निभेगा कब तक ऐसा निभेगा कब तक' और चौथा जपने लगा कि "जब तक निभे तब तक, जब तक निभे तब तक, जब तक निभे तब तक" । ध्यान में रक्खो कि सब अधर्मी और स्वार्थी लोगों की लीला ऐसी ही हुआ करती है कि अपने मतलब के लिये अनेक अन्यायरूप कर्म करके अन्य मनुष्यों को ठग लेते हैं । अभाग्य है ऐसे मनुष्यों का कि जिन के आत्मा अविद्या और अधर्मान्धकार में गिरके कदापि सुख को प्राप्त नहीं होते । यहां किसी एक धार्मिक राजा का दृष्टान्त सुनो—कोई एक विद्वान् धर्मात्मा राजा था उसके और उस के दानाध्यक्ष के पास किसी धूर्त ने जाकर कहा कि मेरी जीविका करा दो (दानाध्यक्ष) तुम ने कौन २ शास्त्र पढ़ा और क्या २ काम करते हो (अर्थी) मैं कुछ भी न पढ़ा और बीस वर्ष तक खेलता कूदता गाय भैंस चराता खेतों में डोलता और माता पिता के सामने आनन्द करता था अब सब घर का बोझ पड़ गया है आप के पास आया हूं कुछ करा दीजिये । (दानाध्यक्ष) नौकरी चाकरी करो तो करा देंगे (अर्थी) मैं ब्राह्मण साधु जहां तहां बाजारों में उपदेश करने वाला हूं मुझ से ऐसा परिश्रम कहां बन सकता है (दानाध्यक्ष)

तू विद्या के विना ब्राह्मण, परोपकार के विना साधु और विज्ञान के विना उपदेशक का काम कैसे कर सकता होगा इसलिये नौकरी चाकरी करना हो तो कर नहीं तो चला जा। वह मूर्ख वहां से निराश हो चला कि यहां मेरी दाल न गलेगी चलो राजा से कहें। जब राजा के पास जा के ऐसे ही कहा तब राजा ने वैसा ही जबाब दिया कि जैसा दानाध्यक्ष जी ने कहा है वैसा करना हो तो कर नहीं तो चला जा। वह वहां से चला गया। इस के पश्चात् एक योग्य विद्वान् ने आके दानाध्यक्ष से मिल के बात चीत की तो दानाध्यक्ष ने समझ लिया कि यह बहुत अच्छा सुपात्र विद्वान् है जा के राजा से मिल के कहा कि पण्डित जी से आप भी कुछ बात चीत कीजिये। वैसा ही किया तब राजा ने परीक्षा करके जाना कि यह अतिश्रेष्ठ विद्वान् है ऐसा जान कर उन से कहा कि आप को हजार रुपये मासिक मिलेगा आप सदा हमारी पाठशाला में विद्यार्थियों को पढ़ाया और धर्म्मोपदेश किया कीजिये वैसा ही हुआ। धन्य ऐसे राजा और दानाध्यक्षादि हैं कि जिन के हृदय में विद्या, परमात्मा और धर्मरूप सूर्य प्रकाशित होता है ॥

(प्र०) दानाभक्ष और दानाध्यक्ष किस को कहते हैं ? ॥

(उ०) जो दाता के दान का भक्षण कर के अपना स्वार्थ सिद्ध करता जाय वह दानाभक्ष और जो दाता के दान को सुपात्र विद्वानों को दे कर उन से विद्या और धर्म की उन्नति कराता वह दानाध्यक्ष कहाता है ॥

(प्र०) राजा किस को कहते हैं ? ॥

(उ०) जो विद्या, न्याय, जितेन्द्रियता, शौर्य, धैर्य आदि गुणों से युक्त हो कर अपने पुत्र के समान प्रजा के पालन में श्रेष्ठों की यथायोग्य रक्षा और दुष्टों को दण्ड दे कर धर्म अर्थ काम और मोक्ष की प्राप्ति से युक्त हो कर, अपनी प्रजा को करा के, आनन्दित रहता और सब को सुख से युक्त करता है वह राजा कहाता है ॥

(प्र०) प्रजा किस को कहते हैं ? ॥

(उ०) जैसे पुत्रादि तन मन धन से अपने माता पितादि की सेवा करके उन को सर्वदा प्रसन्न रखते हैं वैसे प्रजा अनेक प्रकार के धर्म-युक्त व्यवहारों से पदार्थों को सिद्ध करके राजसभा को कर देकर उन को प्रसन्न रक्खे वह प्रजा कहाती है और जो अपना हित और प्रजा का अहित करना चाहे वह न राजा और जो अपना हित और राजा का अहित चाहे वह प्रजा भी नहीं है किन्तु उन को एक दूसरे का शत्रु डाकू चोर समझना चाहिये क्योंकि दोनों धार्मिक होके एक दूसरे का हित करने में नित्य प्रवर्तमान हों तभी उन की राजा और प्रजा-संज्ञा होती है विपरीत की नहीं । जैसे—

अन्धेर नगरी गवर्गण्ड राजा टके सेर भाजी टके सेर खाजा ।

एक बड़ा धार्मिक विद्वान् सभाध्यक्ष राजा यथावत् राजनीति से युक्त हो कर प्रजापालनादि उचित समय में ठीक २ करता था । उस की नगरी का नाम 'प्रकाशवती, राजा का नाम 'धर्मपाल, व्यवस्था का नाम 'यथायोग्य करने हारी, था वह तो मर गया पश्चात् उस का लड़का जो महा अधर्मी मूर्ख था उस ने गद्दी पर बैठ के सभा से कहा कि जो मेरी आज्ञा माने वह मेरे पास रहे और जो न माने वह यहां से निकल जाय, तब बड़े २ धार्मिक सभासद बोले कि जैसे आप के पिता सभा की सम्मति के अनुकूल वर्तते थे वैसे आप को भी वर्तना चाहिये । (राजा) उन का काम उन के साथ गया अब मेरी जैसी इच्छा होगी वैसा करूंगा । (सभा)—जो आप सभा का कहना न करेंगे तो राज्य का नाश अथवा आप का ही नाश हो जावेगा । (राजा)—मेरा तो जब होगा तब होगा परन्तु तुम यहां से जाओ । नहीं तो तुम्हारा नाश तो मैं अभी कर दूंगा । सभासदों ने कहा "विनाशकाले विपरीत-बुद्धिः" । जिस का शीघ्र नाश होता है उस की बुद्धि पहिले ही से विपरीत हो जाती है । चलिये यहां अपना निर्वाह न होगा । वे चले गये

और महामूर्ख धूर्त खुशामदी लोगों की मण्डली उस के साथ हो गई । राजा ने कहा कि आज से मेरा नाम गवर्गंड, नगरी का नाम अन्धेर और जो मेरा पिता और सभा करती थी उस से सब काम मैं उलटा ही करूंगा जैसे मेरा पिता और सभासद रात में सोते और दिन में राज्यकार्य करते थे वैसे ही उस से विपरीत हम लोग दिन में सोवें और रात में राज्यकार्य करेंगे । उन के सामने उन के राज्य में सब चीज अपने २ भाव पर बिकती थी हमारे राज्य में केशर कस्तूरी से ले के मट्टी पर्य्यन्त सब चीज एक टके सेर बिकेगी जब ऐसी प्रसिद्धि देश-देशान्तरों में हुई तब किसी स्थान में दो गुरु शिष्य वैरागी अखाड़ों में मल्लविद्या करते पांच २ सेर खाते और बडे मोटे थे । चेले ने गुरु से कहा कि चलिये अन्धेर नगरी में वहां दश १० टकों से दश १० सेर मलाई आदि माल चाब के खूब तैयार होंगे गुरु ने कहा कि वहां गवर्गंड के राज्य में कभी न जाना चाहिये क्योंकि किसी दिन खाया पिया सब निकल जावेगा किन्तु प्राण भी बचना कठिन होगा फिर जब चेले ने हठ किया तब गुरु भी मोह से साथ चला गया वहां जाके अंधेर नगरी के समीप बगीचे में निवास किया और खूब माल चाबते और कुश्ती किया करते थे । इतने में कभी एक आधीरात में किसी साहूकार का नौकर एक हजार रुपयों की थैली लेके किसी साहूकार की दुकान पर जमा करने को जाता था । बीच में उचक्के आकर रुपैयों की थैली छीन कर भागे उस ने जब पुकारा तब थाने के सिपाहियों ने आकर पूंछा कि क्या है उस ने कहा कि अभी उचक्के मुझ से रुपैयों को छीन कर ले जाते हैं सिपाही धीरे २ चल के किसी भले आदमी को पकड़ लाये कि तूही चोर है उस ने उन से कहा कि मैं फलाने साहूकार का नौकर हूं चलो पूंछ लो । सिपाही । हम नहीं पूंछते चल राजा के पास, पकड़ कर राजा के पास ले जा के कहा कि इसने

हजार रुपैयों की थैली चोर ली है। गवर्गण्ड और आस पास वालों में से किसी ने कुछ भी न पूछा न गछा वह बिचारा पुकारता ही रहा कि मैं उस साहूकार का नौकर हूं परन्तु किसी ने न सुना झट हुक्म चढ़ा दिया कि इस को शूली पर चढ़ा दो। शूली लोहे की बरछी और सरों के वृक्ष के समान अणीदार होती है उस पर मनुष्य को चढ़ा उलटा कर नाभी में उस की अणी लगा देने से पार निकल जाने पर वह कुछ विलंब में मर जाता है। गवर्गण्ड के नौकर भी उस के सदृश क्यों न हों क्योंकि "समानव्यसनेषु मैत्री" जिन का स्वभाव एकसा होता है उन्ही की परस्पर मित्रता भी होती है जैसे धर्मात्माओं की धर्मात्माओं, पण्डितों की पण्डितों, दुष्टों और व्यभिचारियों की व्यभिचारियों के साथ मित्रता होती है न कभी धर्म्मात्मादि का अधर्म्मात्मादि और न अधर्म्मात्माओं का धर्म्मात्माओं के साथ मेल हो सकता है गवर्गण्ड के सिपाहियों ने विचारा कि शूली तो मोटी और मनुष्य है दुवला अब क्या करना चाहिये॥ तब राजा के पास जाके सब बात कही उस पर गवर्गण्ड ने हुक्म दिया कि अच्छा तो इस को छोड़ दो और जो कोई शूली के सदृश मोटा हो उस को पकड़ के इस के बदले चढ़ा दो। तब गवर्गण्ड के सिपाहियों ने विचारा कि शूली के सदृश खोजो तब किसी ने कहा कि इस शूली के सदृश तो बगीची वाले गुरु चेला दोनों बैरागी ही हैं सब बोले कि ठीक २ तो उस का चेला ही है। जब बहुत से सिपाहियों ने बगीचे में जाके उस के चेले से कहा कि तुझ को महाराज का हुक्म है शूली पर चढ़ने के लिये चल। तब तो वह घबड़ा के बोला कि हमने तो कोई अपराध नहीं किया। सिपाही—अपराध तो नहीं किया परन्तु तूही शूली के समतुल्य है हम क्या करें। साधु-क्या दूसरा कोई नहीं है। सिपाही—नहीं बहुत बर २ मत कर चल महाराजा का हुक्म है तब चेला गुरु से बोला कि महाराज अब क्या

करना चाहिये । गुरु—हमने तुझ से प्रथम ही कहा था कि अंधेर नगरी गवरगण्ड के राज्य में मुफ्त के माल चाबने को मत चलो तूने नहीं माना । अब हम क्या करें जैसा हो वैसा भोग, देख अब सब खाया पिया निकल जावेगा । चेला—अब किसी प्रकार बचाओ तो यहां से दूसरे राज्य में चले जावें । गुरु—एक युक्ति है बचने की सो करो तो बचने का संभव है कि शूली पर चढ़ते समय तू मुझ को हटा मैं तुझ को हटाऊं इस प्रकार परस्पर लड़ने से कुछ बचने का उपाय निकल आवेगा । चेला—अच्छा तो चलिये, सब बातें दूसरे देश की भाषा में करो इस से सिपाही कुछ भी न समझे । सिपाहियों ने कहा कि चलो देर मत लगाओ नहीं तो बांध के ले जांयगे साधुओं ने कहा कि हम प्रसन्नतापूर्वक चलते हैं तुम क्यों बांधो । सिपाही—अच्छा तो चलो जब शूली के पास पहुंचे तब दोनों लंगोट बांध के मट्टी लगा के खूब लड़ने लगे । गुरु ने कहा कि—शूली पर मैं ही चढूंगा । चेला—चेला का धर्म्म नहीं कि मेरे होते गुरु शूली पर चढ़े । गुरु—मेरा भी धर्म्म नहीं कि मेरे सामने चेला शूली पर चढ़ जाय हां मुझ को मार कर पीछे भले ही शूली पर चढ़ जाना क्यों बकता है चुप रह, समय चला जाता है ऐसा कह कर शूली पर चढ़ने लगा तब चेले ने गुरु को पकड़ कर धक्का देकर अलग किया आप चढ़ने लगा फिर गुरु ने भी वैसा ही किया तब तो गवरगण्ड के सिपाही कामदार सब तमाशा देखते थे उन्होंने कहा कि तुम शूली पर चढ़ने के लिये क्यों लड़ते हो तब दोनों साधु बोले कि हम से इस बात को मत पूछो चढ़ने दो क्योंकि हम को ऐसा समय मिलना दुर्लभ है यह बात तो यहां ऐसे ही होती रही और गवरगण्ड के पास खुशामदियों की सभा भरी हुई थी आप वहां से उठ और भोजन कर के सिंहासन पर बैठ कर सब से बोला कि बैंगन का शाक अत्युत्तम होता है सुन कर खुशामदी लोग बोले कि धन्य है महाराज की बुद्धि को बैंगन के शाक को चाखते हो

शीघ्र उस की परीक्षा कर लो सुनिये महाराज जब बैंगन अच्छा है तभी तो परमेश्वर ने उस के ऊपर मुकुट चारों ओर कलगी ऊपर का वर्ण घनश्याम भीतर का वर्ण मक्खन के समान बनाया है ऐसा सुन कर गवर्गण्ड और सब सभा के लोग अतिप्रसन्न होकर हंसे तब गवर्गण्ड अपने महलों में सोने को गया डौढ़ी बन्द हुई तब खुशामदी लोगों ने चौकी पहरेवालों से कहा कि जब तक प्रातःकाल हम न आवें तब तक किसी का मिलाप महाराज के साथ मत होने देना उन ने कहा कि अच्छा आज के दिन कुछ गहरी प्राप्ति नहीं हुई। खुशामदी—आज न हुई कल हो जावेगी हमारा और तुम्हारा तो सभा ही है जो कुछ खज़ाने और प्रजा से निकालकर अपने घर में पहुंचे वही अपना है जब राजा को नशा और रंडीबाजी आदि खेल में सब लोग मिल कर लगा देंगे तभी अपना गहरा होगा खज़ाना अपना ही है और सब आपस में मिले रहो फूटना न चाहिये, सब ने कहा, हां जी हां यही ठीक है। वे तो चले गये। जब गवर्गण्ड सोने को गया तब गर्म मसाले पड़े हुए बैंगन के शाक ने गर्मी की और जङ्गल की हाजत हुई ले लोटा जायजरूर में गया रात भर खूब जुलाब लगा रात्रि में कोई तीस ३० दस्त हुए रात्रि भर नींद न आई बड़ा व्याकुल रहा उसी समय वैद्यों को बुलाया वे भी गवर्गण्ड के सदृश ही थे ऊटपटांग औषधियां दीं उनने और भी बिगाड़ किया क्योंकि गवर्गण्ड के पास बुद्धिमान् क्योंकर ठहर सकते हैं। जब प्रातःकाल हुआ तब खुशामदियों की मण्डली ने सभा का स्थान घेर के दासियों से पूछा कि महाराज क्या करते हैं। (दासी) आज रात भर जुलाब लगा व्याकुल रहे। (खुशामदी) क्या कोई रात्रि में महाराज के पास आया भी था। (दासी) दश बारह जने आये थे। (खुशामदी)—कौन २ आये थे उन के नाम भी जानती हो। (दासी) हां तीन के नाम जानती हूं अन्य के नहीं तब तो खुशामदी लोग विचारने लगे कि किसी ने

अपनी निन्दा तो न करदी हो इसलिये आज से हम में से एक दो पुरुषों को रात में भी डौढ़ी में अवश्य रहना चाहिये सब ने कहा बहुत ठीक है इतने में जब आठ बजे के समय मुखमलीन गर्वगंड आ कर गद्दी पर बैठा तब खुशामदियों ने भी उन से सौगुना मुख बिगाड़ कर शोकाकृति मुख हो कर ऊपर से झूठमूठ अपनी चेष्टा जनाई। (गर्वगंड) बैंगन का शाक खाने में तो स्वादु होता है परन्तु बादी करता है उस से हम को बहुत दस्त लगने से रात्रि भर दुःख हुआ। (खुशामदी) वाह वाह जी वाह महाराज आप के सदृश न कोई राजा हुआ न होगा और न कोई इस समय है क्योंकि महाराज ने खाते समय तो उस के गुणों की परीक्षा की और रात्रि भर में दोष भी जान लिये देखिये महाराज जब बैंगन दुष्ट है तभी तो परमेश्वर ने उस के ऊपर खूंटी चारों ओर कांटे लगा दिये ऊपर का वर्ण कोयलों के समान और भीतर का रङ्ग कोढ़ी की चमड़ी के सदृश किया है। (गर्वगंड) क्यों जी कल रात को तो तुम ने इस की प्रशंसा में मुकुट आदि का अलङ्कार और इस समय उन्हीं की निन्दा में खूंटी आदि की उपमा देते हो अब हम किस को सच्ची मानें। (खुशामदी) घबरा के बोले कि—धन्य धन्य धन्य है आप की विशाल बुद्धि को क्योंकि कल सन्ध्या की बात अब तक भी नहीं भूले। सुनिये महाराज ! हम को साले बैंगन से क्या लेना देना था हम को तो आप की प्रसन्नता में प्रसन्नता और अप्रसन्नता में अप्रसन्नता है जो आप रात को दिन और दिन को रात सत्य को झूठ वा झूठ को सत्य कहें सो सभी ठीक है। (गर्वगंड) हां २ नौकरों का यही धर्म है कि कभी स्वामी की किसी बात में प्रत्युत्तर न दें किन्तु हां जी २ हो करते जांय। (खुशामदी) ठीक है राजाओं का यही धर्म है कि किसी बात की चिन्ता कभी न करें रात दिन अपने सुख में मगन रहें नौकर चाकरों पर सदा विश्वास करके सब काम उन के आधीन रक्खें बनिये बक्काल के समान

हिसाब किताब कभी न देखें जो कुछ सुपेद का काला और काले का सुपेद करें सोही ठीक रक्खें । जिस दरख्त को लगावें उस को कभी न काटें जिस को ग्रहण किया उस को कभी न छोड़ें चाहे कितना ही अपराध करें क्योंकि जब राजा हो के भी किसी काम पर ध्यान दे कर आप अपने आत्मा मन और शरीर से परिश्रम किया तो जानो उन का कर्म फूट गया और जब हिसाब आदि में दृष्टि की तो वह महादरिद्र है राजा नहीं । (गवर्गण्ड) क्यों जो कोई मेरे तुल्य राजा और तुम्हारे सदृश सभासद् कभी हुए होंगे और आगे कोई होंगे वा नहीं । (खुशामदी) नहीं नहीं कदापि नहीं न हुआ न होगा और न है । (गवर्गण्ड) सत्य है क्या ईश्वर भी हम से अधिक उत्तम होगा । (खुशामदी) कभी नहीं हो सकता क्योंकि उस को किस ने देखा है आप तो साक्षात् परमेश्वर हैं क्योंकि आप की कृपा से दरिद्र को धनाढ्य अयोग्य को योग्य और अकृपा से धनाढ्य को दरिद्र योग्य से अयोग्य तत्काल ही हो सकता है । इतने में नियत किये प्रातःकाल को सायङ्काल मान कर सोने को सब गये । जब सायङ्काल हुआ तब फिर सभा लगी । इतने में सिपाहियों ने आकर साधुओं के झगड़े की बात कही । सुन कर गवर्गण्ड ने सभासहित वहां जा के साधुओं से पूछा कि तुम शूली पर चढ़ने के लिये क्यों सुख मानते हो । (साधु) तुम हम से मत पूछो चढ़ने दो समय चला जाता है ऐसा समय हम को बड़े भाग्य से मिलता है (गवर्गण्ड) इस समय में शूली पर चढ़ने से क्या फल होगा । (साधु) हम नहीं कहते जो चढ़ेगा वह फल देख लेगा हम को चढ़ने दो । (गवर्गण्ड) नहीं २ जो फल होता हो सो कहो सिपाहियो इन को इधर पकड़ लाओ । पकड़ लाये (साधु) हम को क्यों नहीं चढ़ने देते झगड़ा क्यों करते हो । (गवर्गण्ड) जब तक तुम इस का फल न कहोगे तब तक हम कभी न चढ़ने देंगे (साधु) दूसरे को कहने की तो बात नहीं है परन्तु तुम हठ करते हो

तो सुनो । जो कोई मनुष्य इस समय में शूली पर चढ़ कर प्राण छोड़ देगा वह चतुर्भुज हो कर विमान में बैठ के आनन्दरूप स्वर्ग को प्राप्त होगा । (गवर्गण्ड) अहो ऐसी बात है तो मैं ही चढ़ता हूं तुम को न चढ़ने दूंगा ऐसा कह कर झट आप ही शूली पर चढ़ कर प्राण छोड़ दिये, साधु अपने आसन पर आए चेले ने कहा कि महाराज चलिये यहां अब रहना न चाहिये । गुरु ने कहा कि अब कुछ चिन्ता नहीं जो पाप की जड़ गवर्गण्ड था वह मर गया अब धर्मराज्य होगा क्या चिन्ता है यहीं रहो उसी समय उस का छोटा भाई बड़ा विद्वान् पिता के सदृश धार्मिक और जो उस के पिता के समान धार्मिक सभासद और प्रजा में से सत्पुरुष जो कि उस के पिता के मरने के पश्चात् गवर्गण्ड ने निकाल दिये थे वे सब आ के सुनीतनामक छोटे भाई को राज्याधिकारी करके उस मुरदे को शूली पर से उतार के जला दिया और खुशामदियों की मण्डली को अत्युग्र दंड दे के कुछ कैद कर दिये और बहुतों को नौका में बैठा कर किसी समुद्र के बीच निर्जन द्वीपान्तर में बन्दीखाने में डाल कर अत्युत्तम विद्वान् धार्मिकों की सम्मति से श्रेष्ठों का पालन दुष्टों का ताड़न, विद्या, विज्ञान और सत्य धर्म की वृद्धि आदि उत्तम कर्म करके पुरुषार्थ से यथायोग्य राज्य की व्यवस्था चलाने लगे और पुनः प्रकाशवती नगरी नाम की व्यवस्था चलाने लगे और पुनः नगरी का प्रकाशवती नाम प्रकाश हुआ और उचित समय पर सब उत्तम काम होने लगे । जब जिस देशस्थ प्राणियों का अभाग्य उदय होता है तब गवर्गण्ड के सदृश स्वार्थी अधर्मी प्रजा का विनाश करने हारे राजा धनाढ्य और खुशामदियों की सभा और उन के सम्तुल्य अधर्मी उपद्रवी राजविद्रोही प्रजा भी होती है और जब जिस देशस्थ प्राणियों का सौभाग्य उदय होने वाला होता है तब सुनीत के समान धार्मिक विद्वान् पुत्रवत् प्रजा का पालन करनेवाली राजसहित सभा और

धार्मिक पुरुषार्थी पिता के समान राजप्रबन्ध में प्रीतियुक्त मंगलकारिणी प्रजा होती है। जहां अभाग्योदय वहां विपरीत बुद्धि मनुष्य परस्पर द्रोहादिस्वरूप धर्म से विपरीत दुःख के ही काम करते जाते हैं और जहां सौभाग्योदय वहां परस्पर उपकार, प्रीति, विद्या, सत्य, धर्म आदि उत्तम कार्य अधर्म से अलग होकर करते रहते हैं। वे सदा आनन्द को प्राप्त होते हैं। जो मनुष्य विद्या कम भी जानता हो परन्तु पूर्वोक्त दुष्ट व्यवहारों को छोड़ कर धार्मिक हो के खाने पीने बोलने सुनने बैठने उठने लेने देने आदि व्यवहार सत्य से युक्त यथायोग्य करता है वह कहीं कभी दुःख को नहीं प्राप्त होता और जो संपूर्ण विद्या पढ़ के पूर्वोक्त उत्तम व्यवहारों को छोड़ के दुष्ट कर्मों को करता है वह कहीं कभी सुख को प्राप्त नहीं हो सकता इसलिये सब मनुष्यों को उचित है कि आप अपने लड़के लड़की इष्ट मित्र आड़ोसी पाड़ोसी और स्वामी भृत्य आदि को विद्या और सुशिक्षा से युक्त करके सर्वदा आनन्द करते रहें ॥

॥ इति श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीनिर्मितो व्यवहारभानुः समाप्तः ॥

ओ३म्

आर्य्यसमाज के नियम ॥

(१)–सब सत्यविद्या और जो पदार्थ विद्या से जाने जाते हैं उन सब का आदि मूल परमेश्वर है ॥

(२)–ईश्वर सच्चिदानन्दस्वरूप, निराकार, सर्वशक्तिमान्, न्यायकारी, दयालु, अजन्मा, अनन्त, निर्विकार, अनादि, अनुपम, सर्वाधार, सर्वेश्वर, सर्वव्यापक, सर्वान्तर्यामी, अजर, अमर, अभय, नित्य, पवित्र और सृष्टिकर्त्ता है। उसी की उपासना करनी योग्य है ॥

(३)–वेद सत्यविद्याओं का पुस्तक है वेद का पढ़ना पढ़ाना और सुनना सुनाना सब आर्यों का परमधर्म है ॥

(४)–सत्यग्रहण करने और असत्य के छोड़ने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिये ॥

(५)–सब काम धर्मानुसार अर्थात् सत्य और असत्य को विचार करके करने चाहिये ॥

(६)–संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है अर्थात् शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना ॥

(७)–सब से प्रीतिपूर्वक धर्मानुसार यथायोग्य वर्तना चाहिये ॥

(८)–अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिये ॥

(९)–प्रत्येक को अपनी ही उन्नति से सन्तुष्ट न रहना चाहिये किन्तु सब की उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिये ॥

(१०)–सब मनुष्यों को सामाजिक सर्वहितकारी नियम पालने में परतन्त्र रहना चाहिये और प्रत्येक हितकारी नियम में सब स्वतन्त्र रहें ॥

वैदिक यन्त्रालय अजमेर के पुस्तकों का सूचीपत्र और संक्षिप्त नियम।

(१) मूल्य रोक भेजकर मंगावें, (२) रोक भेजने वालों को १०) रु० वा इस से अधिक पर २०) रु० सैकड़ा के हिसाब से कमीशन के पुस्तक अधिक भेजे जायंगे (३) डाक महसूल वेदभाष्य छोड़कर सब पुस्तकों पर अलग लिया जायगा २) रु० वा इस से अधिक के पुस्तक, रजिस्टरी कराकर भेजे जायंगे, (४) मूल्य नीचेलिखे पतेसे भेजें ॥

पुस्तक	मू०	डा०
ऋग्वेदभाष्य अंक १—२७२½	५४)	
यजुर्वेद भाष्य सम्पूर्ण	२४)	
ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका	२॥)	≠)
,, जिल्द की	३)	।)
वर्णोच्चारणशिक्षा	/)	)॥
सन्धिविषय	।≡)	)॥
नामिक	।≠)	)॥
कारकीय	।)	)॥
सामासिक	।≠)	)॥
स्त्रैणताद्धित	१)	/)
अव्ययार्थ	≠)॥	)॥
सौवर	≠)॥	)॥
आख्यातिक	१।≠)	≠)॥
पारिभाषिक	≢)॥	)॥
धातुपाठ	।≠)	)॥
गणपाठ	।/)	)॥
उणादिकोष	॥)	/)
निघण्टु	।≠)	)॥
निरुक्त	१)	/)॥
अष्टाध्यायीमूल	।/)	)॥
संस्कृतवाक्यप्रबोध	≢)	)॥
हवनमन्त्र	)॥	)॥
व्यवहारभानु	≢)	)॥
भ्रमोच्छेदन	)॥	)॥
अनुभ्रमोच्छेदन	)॥	)॥

पुस्तक	मू०	डा०
मेला चांदापुर नागरी	/)	)॥
,, उर्दू	/)॥	)॥
वेदविरुद्धमतखण्डन	≠)	)॥
आर्योद्देश्यरत्नमाला	/)	)॥
गोकरुणानिधि	/)	)॥
स्वा० ना० मतखण्डनगुज०	)॥	)॥
स्वमन्तव्याऽमन्तव्यप्रकाश	)॥	)॥
,, इंग्रेज़ी	)।	)॥
शास्त्रार्थ फीरोज़ाबाद	≢)	)॥
शास्त्रार्थकाशी	/)	)॥
आर्य्याभिविनय	।)	)॥
,, जिल्द की	।≠)	/)
वेदान्तिध्वान्त निवारण	/)	)॥
भ्रान्तिनिवारण	/)।	)॥
पञ्चमहायज्ञविधि	≠)॥	)॥
,, जिल्द की	।/)॥	/)
आर्य्यसमाज केनियमोपनि०	)।	)॥
शतपथ ब्राह्मण (१काण्ड)	॥)	/)
सत्यार्थ प्रकाश (सादा)	२)	≠)॥
,, जिल्द का	२॥)	।)॥
सत्यार्थ प्रकाश (बढ़िया)	२॥)	।/)
,, सजिल्द ,,	३)	।/)
संस्कार विधि	१।)	≠)
,, सजिल्द	१।≠)	≠)
स्वीकार पत्र	)।	)॥
वेदान्तिध्वान्तनिवारण अंग्रेज़ी	/)॥	)॥
आर्य्योद्देश्यरत्नमाला मरहटी	/)	)॥

आ० स० के नियम नागरी में एक प्रकार की स्याही में १) सैकड़ा, रंग बिरंगी स्याही में तथा सुनहरी २।) तथा अंग्रेज़ी सफेद पर ॥)——मैनेजर वैदिक यन्त्रलय अजमेर